● जयपुर, गुरुवार, 4 जुलाई 24● वर्ष 13 ● अंक 306 ● पृष्ठ : 8● मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्याः RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये कदम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● स्वामी विवेकानंद

पेज @4 पहली मूसलाधार बरसात से खुली प्रशासन की कलई, 'जयपुर हुआ...

पेज @5 ग्यारह बीघा भूमि पर तीन अवैध कॉलोनियों को पूर्णतः किया...

पेज @8 » उपमुख्यमंत्री ने जानी राज्य सड़क सुरक्षा नीति एवं कार्ययोजना...

टला बड़ा हादसा

## कंचनकन्या एक्सप्रेस के ड्राइवर ने लगाई इमरजेंसी ब्रेक

जलपाईगुड़ी/एजेंसी। कंचनजंगा एक्सप्रेस हादसे की यादें आज भी ताजा हैं। इसी बीच आज सियालदह जा रही कंचनकन्या एक्सप्रेस हादसे का शिकार होने से बच गई। आरोप है कि जलपाईगुड़ी में मालबाजार के पास रेल फाटक खुला था, लेकिन सिग्नल हरा था। इसी दौरान तेज रफ्तार से ट्रेन रेल फाटक के करीब आ रही थी। उसी समय रेल फाटक खुला होने के कारण छोटी गाड़ियां और लोग रेलवे लाइन पार कर रहे थे। हालांकि ट्रेन के पायलट को अनहोनी का आभास हो गया। उन्होंने तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगाई। इसके बाद तेज रफ्तार ट्रेन रेल फाटक पर रुक गई। इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने सौंपा राज्यपाल को अपना इस्तीफा, सरकार बनाने का हेमंत सोरेन ने पेश किया दावा

# झारखंड में फिर से होगी हेमंत सोरेन की सरकार

रांची । एजेंसी

एक बार फिर से झारखंड में सत्ता परिवर्तन को लेकर हलचल तेज हो गयी है। एक बार फिर से पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड के मुख्यमंत्री बन सकते हैं। तीसरी बार हेमंत सोरेन राज्य के मुख्यमंत्री बनेंगे। अब यह भी तय माना जा रहा है कि साल के अंत तक होने वाले विधानसभा चुनाव में इंडिया अलायंस हेमंत सोरेन के नेतृत्व में मैदान में उतरेगा।

झामुमो, कांग्रेस और राजद ने बुधवार को विधायक दल की बैठक में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को नेता चुन लिया। बैठक के बाद शाम करीब 7.15 बजे मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के साथ हेमंत सोरेन राजभवन पहुंचे। उनके साथ कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर और मंत्री मिथिलेश ठाकुर भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने



राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को अपना त्यागपत्र सौंपा। वहीं हेमंत सोरेन की ओर से नयी सरकार गठन के लिए राज्यपाल के सामने दावा पेश किया गया। इस दौरान हेमंत सोरेन ने झामुमो-कांग्रेस व राजद विधायकों के हस्ताक्षर वाला समर्थन पत्र भी सौंपा। राजभवन से इस्तीफा देकर बाहर निकलने के बाद सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि उन्होंने अपना त्यागपत्र राज्यपाल को सौंप दिया है। हेमंत सोरेन को विधायक दल का नया नेता चुन लिया गया है। इस मौके पर हेमंत सोरेन ने कहा कि जल्द ही नयी सरकार गठन की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

झामुमो विधायक स्टीफन मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने त्यागपत्र दे दिया है और हेमंत सोरेन को विधायक दल का नेता चुन लिया गया है। उन्होंने कहा कि राजभवन की ओर से बात कही गयी है।

## झामुमो में सोरेन परिवार से बाहर का आदिवासी केवल काम चलाऊ : बाबूलाल

रांची । एजेंसी



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने झामुमो-कांग्रेस-राजद विधायक दल की बैठक में बुधवार को हेमंत सोरेन को फिर नेता चुने जाने पर बड़ा निशाना साधा। मरांडी ने कहा कि झामुमो में शिबू सोरेन परिवार से बाहर का आदिवासी केवल काम चलाऊ है। शिबू सोरेन परिवार जब जैसा चाहे उसका उपयोग करेगा और फिर उसे दूध की मक्खी की तरह निकाल फेंकेगा। मरांडी ने कहा कि पांच महीना पहले परिवारवाद से ऊपर उठकर मुख्यमंत्री चुनने की बात करने वाले झामुमो का आज फिर असली चेहरा उजागर हो गया। उन्होंने कहा कि यह झामुमो के अन्य आदिवासी नेताओं के लिए सबक है। उन्हें अपनी सीमा रेखा समझ लेनी चाहिए।

## वरिष्ठ आदिवासी नेता को सीएम पद से हटाना अत्यंत दुखद : हिमंत बिस्वा

रांची । एजेंसी



असम के मुख्यमंत्री एवं भाजपा के झारखंड विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी डॉ हिमंत बिस्वा सरमा ने एक्स पर लिखा है कि झारखंड में झामुमो एवं कांग्रेस पार्टी द्वारा एक वरिष्ठ आदिवासी नेता को मुख्यमंत्री पद से हटाया जाना अत्यंत दुखद है। मुझे यकीन है कि झारखंड की जनता इस फैसले की कड़ी निंदा करेगी और इसे दृढ़ता से खारिज करेगी।

झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने एक्स पर लिखा कि चंपाई सोरेन जैसे वरिष्ठ नेता के साथ सोरेन परिवार का यह व्यवहार बहुत शर्मनाक और निंदनीय है। अब झारखंड के चुनावों में कुछ महीने ही बचे हैं लेकिन सोरेन परिवार को सत्ता की ऐसी बेकरारी है कि वे इससे एक दिन भी दूर नहीं रह सकते हैं। वैसे भी सरकार तो जेल से हेमंत सोरेन ही चला रहे थे लेकिन जेल से जमानत पर बाहर आते ही फिर से गद्दी पर बैठने के लिए बेकरार हो उठे। पिछले पांच सालों से झारखंड को शर्मशार करने की कोई भी कसर हेमंत सोरेन ने नहीं छोड़ी है।

# राजस्थान विधानसभा सत्र का पहला ही दिन हंगामे की भेंट चढ़ा

सत्ता पक्ष और विपक्ष में हुआ जमकर शोर शराब और नारेबाजी



विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बीच दखल देकर विधानसभा सदस्यों से शांति की अपील, आसन ने कराए काम

### जूली ने उठाया राज्यपाल का अभिभाषण से सत्र का आगाज नहीं करवाने पर उठाया संविधान और माइक बंद करने का मुद्दा

चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी)। राजस्थान विधानसभा का दूसरा सत्र बुधवार से शुरू हो गया है। सत्र का आगाज ही हंगामे के साथ हुआ। नेता प्रतिपक्ष ने संविधान का हवाला देकर राज्यपाल के अभिभाषण से सत्र का आगाज करवाने की बात कही। इसके वाद सत्ता पक्ष और प्रतिपक्ष में बहस हुई. टीकाराम जूली ने माइक बंद करने का आरोप लगाया।राष्ट्रगान के तुरंत बाद नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली खड़े हुए और राज्यपाल के अभिभाषण से सत्र का आगाज नहीं होने पर संविधान का उल्लघंन होने की बात कही इस पर सत्ता पक्ष और प्रतिपक्ष के सदस्यों ने हंगामा किया। स्पीकर प्रो. वासुदेव देवनानी ने दखल देकर व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। संसदीय कार्यमंत्री जोराराम पटेल ने कहा कि किसी भी साल का पहला सत्र राज्यपाल के अभिभाषण से शुरू होता है। यह दूसरा सत्र है। इसलिए बिना राज्यपाल के अभिभाषण के सत्र का आगाज किया गया है। इसके बाद दोनों पक्षों को और से एक बार फिर नारेबाजी शुरू हो गई। इस बीच नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने आरोप लगाया कि लोकसभा में जिस तरह विपक्ष के नेताओं का माइक बंद किया जाता है। उसी तरह विधानसभा में भी उनका माइक बंद किया गया है। इसके बाद विधानसभा में चुनकर आए नए सदस्य जयकिशन पटेल को शपथ दिलाई गई।बिड्ला के लोकसभा स्पीकर बनने पर बधाई राजस्थान विधानसभा के सदस्य रहे कोटा के सांसद ओम बिड़ला के लगातार दूसरी बार लोकसभा स्पीकर बनने पर विधानसभा में उन्हें बधाई दी गई। अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस के मौके पर प्लास्टिक बैग का उपयोग नहीं करने को शपथ दिलाई गई। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि प्लास्टिक बैग जहां बन रहे हैं। वहां रोक लगा दी जाए तो उपयोग अपने आप बंद हो जाएगा। इस बीच विपक्ष लगातार संविधान बचाने और संविधान उल्लंघन की दुहाई देता रहा

### दिवंगतों को दी गयी भावभीनी श्रद्धांजलि

» गुजरात की कन्यपाल कमला बेनीवाल, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर जोशी, पूर्व सरकारी मुख्य सचेतक महावीर प्रसाद जैन, पूर्व राज्यमंत्री राधेश्याम गंगानगर, पूर्व राज्यमंत्री चंद्रशेखर, पूर्व राज्यमंत्री उम्मेद सिंह, पूर्व विधायक विवेक धाकड़, पूर्व विधायक प्रभुलाल करतोलिया, पूर्व विधायक किशन नेपाल, पूर्व विधायक मोटाराम, पूर्व विधायक स्तीराम यादव, पूर्व विधायक हुकम सिंह के निधन पर शोक प्रकट किया और श्रद्धांजलि दवै। हाथरस में भगदड़ में जान गंवाने वाले 121 लोगों की मौत पर शोक प्रकट किया गया। दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

## बंगाल के कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

**कोलकाता/एजेंसी।** महानगर समेत दक्षिण बंगाल के अधिकांश जिलों में तीन दिनों से बारिश हो रही है। इस कारण कई जिलों में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग के मुताबिक उत्तरी बांग्लादेश और उसके आसपास एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बन रहा है। समुद्र तल से यह चक्रवाती घेरा बांग्लादेश के ऊपर 1.5 से 7.6 किमी की ऊंचाई पर दक्षिण की ओर झुका हुआ है। आने वाले दिनों में बंगाल के कई जिलों में मूसलाधार बारिश हो सकती है। उत्तर-पश्चिम बिहार से दक्षिण असम तक फैला यह निम्न दबाव का क्षेत्र वर्तमान में पूर्वोत्तर मध्य प्रदेश से मणिपुर होते हुए उत्तरी छत्तीसगढ़ और झारखंड तक समुद्र तल से 0.9 किमी की ऊंचाई पर स्थित है।

# संविधान की रक्षा के लिए देशवासियों ने हमें जनादेश दिया : प्रधानमंत्री

नयी दिल्ली । एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि कांग्रेस पार्टी संविधान की सबसे बड़ी विरोधी है। कांग्रेस पार्टी ने संविधान और संवैधानिक पदों पर एक परिवार को हमेशा आगे रखा है। इस बार अगर संविधान की रक्षा का चुनाव था तो संविधान की रक्षा के लिए देशवासियों ने हमें योग्य पाया है। संविधान की रक्षा के लिए देशवासियों को हम पर भरोसा है और संविधान की रक्षा के लिए देशवासियों ने हमें जनादेश दिया है। राज्यसभा में आज राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा का उत्तर देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'कांग्रेस को संविधान की बात करना शोभा नहीं देती। दर्जनों आर्टिकल्स को, संविधान की आत्मा को छिन्न-भिन्न करने का पाप इन लोगों ने किया था। इनके मुंह से संविधान की बात शोभा नहीं देती, ये पाप करके बैठे हुए लोग हैं।'

उन्होंने कहा, 'हम 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाएंगे तो मैं हैरान हूं कि जो आज संविधान की प्रति लेकर घूमते रहते हैं, दुनिया में लहराते रहते हैं, उन्होंने विरोध किया था कि 26 जनवरी तो है, फिर संविधान दिवस क्यों लाएं?'

### मणिपुर में लगी आग में घी डालना बंद करें

उच्च सदन में उन्होंने आज मणिपुर के मुद्दे पर भी जवाब दिया। कल विपक्ष ने मणिपुर के दूसरे सांसद को बोलने न देने का मुद्दा बनाकर उनके लोकसभा में भाषण के दौरान हंगामा किया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि मणिपुर में जातीय हिंसा के पहले भी मामले आए हैं। वहां सामाजिक संघर्ष का लंबा इतिहास रहा है। इस संघर्ष की मानसिकता की जड़ें बहुत गहरी हैं। कांग्रेस के लोगों को ये नहीं भूलना चाहिए कि इन्हीं हालातों की वजह से इस छोटे से राज्य में 10 बार राष्ट्रपति शासन लगाना पड़ा है। ये हमारे कार्यकाल में नहीं हुआ है। कुछ तो वजह होगी। फिर भी राजनीतिक फायदा उठाने के लिए वहां हरकतें हो रही हैं।

उन्होंने कहा, 'जो भी तत्व मणिपुर की आग में घी डालने की कोशिश कर रहे हैं, उन्हें आगाह करना चाहता हूं कि ये हरकतें बंद करें। एक समय आएगा जब मणिपुर ही रिजेक्ट करेगा उन लोगों को।' वर्तमान में हुई हिंसाओं पर करीब 11 हजार मामले दर्ज किए गए हैं। 500 लोग गिरफ्तार किए गए हैं। धीरे-धीरे इन हिंसाओं में कमी आ रही है। मणिपुर में भी स्कूल-कॉलेज संस्थान खुले हुए हैं। परीक्षाएं हो रही हैं। केंद्र सरकार और राज्य सरकार सभी से बातचीत करके सौहार्द का रास्ता खोलने की कोशिश कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने पूर्वोत्तर में स्थायी शांति के प्रयास किए हैं। उनकी चर्चा कम होती है, लेकिन परिणाम व्यापक आए हैं। राज्यों के बीच सीमा विवाद आजादी के बाद से ये निरंतर चलता रहा है। हम राज्यों के साथ इसे हल करते जा रहे हैं। हिंसा से जुड़े संगठन, हथियारबंद गिरोह के साथ आज स्थायी समझौते हो रहे हैं।

### कहा, कांग्रेस पार्टी संविधान की सबसे बड़ी विरोधी



### नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को मिलेगी सख्त सजा

पेपर लीक के मुद्दे पर एक बार फिर युवाओं को आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि वे भारत के युवाओं को आश्वस्त करते हैं कि नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को सख्त सजा मिलेगी। इसके लिए एक्शन लिए जा रहे हैं। हम चाहते थे कि पेपर लीक जैसे संवेदनशील मुद्दे पर राजनीति न हो, लेकिन विपक्ष को इसकी आदत है।

### किसान कल्याण हमारी सरकार की नीतियों में

किसानों की कर्जमाफी के मुद्दे पर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके कार्यकाल में 10 साल में एक बार किसानों की कर्जमाफी हुई और 60 हजार करोड़ की कर्जमाफी का इतना हल्ला मचाया गया। उसके लाभार्थी सिर्फ तीन करोड़ किसान थे। इसमें गरीब किसानों का नामों निशान नहीं था। वहीं हमारी सरकार की योजना का लाभ 10 करोड़ किसानों को हुआ है। तीन लाख करोड़ हम किसानों को दे चुके हैं। हमने बीज से बाजार तक किसानों के लिए हर व्यवस्था को बहुत माइक्रो प्लानिंग के साथ मजबूती देने का भरसक प्रयास किया है और व्यवस्था को हमने चाक चौबंद किया है।

### दिव्यांगों और ट्रांसजेंडर वर्ग के लिए किया काम

प्रधानमंत्री ने कहा कि दिव्यांग भाई-बहनों के साथ उनकी कठिनाइयों को समझते हुए उनके गरिमापूर्ण जीवन की दिशा में काम किया है। हमारे समाज में किसी न किसी कारण से एक उपेक्षित वर्ग ट्रांसजेंडर वर्ग है। हमारी सरकार ने ट्रांसजेंडर साथियों के लिए कानून बनाने का काम किया है। पश्चिम के लोगों को भी आश्चर्य होता है कि भारत इतना प्रोग्रेसिव है। पद्म अवॉर्ड में भी ट्रांसजेंडर को अवसर देने में हमारी सरकार आगे आई है।

### जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करती रही है कांग्रेस, वर्तमान सरकार का कोई हस्तक्षेप नहीं

प्रधानमंत्री ने जांच एजेंसियों पर लग रहे आरोपों पर बुधवार को राज्यसभा में जवाब दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि एजेंसियों का दुरुपयोग कांग्रेस किया करती थी। कांग्रेस के कार्यकाल में नेताजी मुलायम सिंह यादव ने 2013 में कहा था कि कांग्रेस सीबीआई का डर दिखाती है, आयकर का दुपरुयोग करती है। उन्होंने अन्य उदाहरण देते हुए अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को पिंजरे में बंद तोता कहा था। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जेल में होने का मुद्दा उठाए जाने पर कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि शराब घोटाला में लिप्त आप पार्टी को कांग्रेस पार्टी ही कोर्ट में लेकर गई थी। कांग्रेस ने प्रेस कांफ्रेंस करके शराब घोटाले में आप के खिलाफ सूबत दिए थे। कांग्रेस बताये कि क्या वह प्रेस कांफ्रेस झूठी थी। उन्होंने कहा, 'शराब घोटाला करे 'आप', भ्रष्टाचार करे 'आप', बच्चों के क्लासरूम बनाने में घोटाला करे 'आप', पानी तक में घोटाला करे 'आप', 'आप' की शिकायत करे कांग्रेस, 'आप' को कोर्ट तक घसीट कर ले जाए कांग्रेस और कार्रवाई हो तो गाली दें मोदी को।'

## हाथरस हादसे में मौतों की जवाबदेही तय हो

उत्तर प्रदेश के हाथरस में मंगलवार को एक सत्संग के समापन के बाद मची भगदड़ में एक सौ इक्कीस लोगों के मरने एवं सैकड़ों लोगों के घायल होने की हृदयविदारक, दु:खद एवं दर्दनाक घटना ने पूरे देश को विचलित किया है। ऐसी घटनाएं न केवल प्रशासन की लापरवाही एवं गैर जिम्मेदारी को उजागर कर रही है बल्कि धर्म के नाम पर पनप रहे आडम्बर, अंधविश्वास एवं पाखण्ड को भी उजागर कर रही है। ऐसी त्रासदियां एवं दिल को दहलाने देने वाली घटनाओं से जुड़े पाखण्डी बाबाओं की कारगुजारियों से हिन्दू धर्म भी बदनाम हो रहा है, जबकि सैकड़ों लोगों की जान लेने वाले बाबा को हिंदू धर्म से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। यह हादसा अनेक सवालों को खड़ा करता है, बड़ा सवाल है कि ऐसे बड़े आयोजन में सुरक्षा उपायों की अनदेखी क्यों होती है?

सवाल उठता है कि इतना बड़ा आयोजन बिना पुख्ता इंतजाम के किसकी अनुमति से हो रहा था? क्या सुरक्षा मानकों का पालन हुआ? क्या इतने बड़े आयोजन की सुरक्षा का जिम्मा पुलिस-प्रशासन का नहीं होता? क्या आयोजन-स्थल पर निकास द्वार, पानी, हवा, वैकल्पिक चिकित्सा एवं चिकित्सक, गर्मी से बचने के पुख्ता इंतजाम जरूरी नहीं थे? जवाबदेही तय हो भगदड़ में गयी जानों की। जाहिर है मौतों के बढ़ते आंकड़ों के साथ ही घटना पर लीपापोती की कोशिश भी जमकर होगी, राजनीतिक दल एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराते हुए जमकर राजनीति भी करेंगे। यह तय है कि ऐसे बाबाओं की दुकान बिना राजनेताओं के वरदहस्त के चलनी संभव नहीं है। हाथरस के सिकंदराराऊ के निकट फुलरई के एक खेत में कथित हरि बाबा के एक दिवसीय सत्संग के दौरान यह हादसा हुआ। इस बाबा से जुड़ी बातें विसंगतियों से भरी है। सफेद कोट-पैंट, टाई पहनने वाला यह बाबा कोई पंडित नहीं है न साधु संत है, यह जूता पहनकर प्रवचन देता था। इस बाबा को कितने वेद पुराण का ज्ञान है? यह किस परंपरा से है? इसके गुरु कौन हैं? ऐसे अनेक प्रश्न है जो बाबा को शक एवं संदेह के घेरे में लेते हैं। इन्हें हिन्दू बाबा कैसे कहा जा सकता है? हिंदू धर्म में ऐसा कहां होता है? यह बाबा पहले पुलिस सेवा में थे और जिनका मैनपुरी में भव्य एवं महलनुमा आश्रम है।

घटना के बाद बाबा फरार है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। भारत में भोली-भाली जनता को ठगने एवं गुमराह करने वाले ऐसे पाखंडी बाबाओं की बाढ़ आई हुई है। इस तरह की घटनाएं केवल जनहानि का कारण ही नहीं बनती, बल्कि देश एवं धर्म की बदनामी भी कराती है। इन घटनाओं पर पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त करने के बजाए राजनीति करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है और निंदनीय भी। हाथरस की घटना कितनी अधिक गंभीर एवं चिन्ताजनक है, इसका अनुमान इससे लगाया जा सकता है कि प्रधानमंत्री ने लोकसभा में अपने संबोधन के बीच इस हादसे की जानकारी दी एवं शोक-संवेदना व्यक्त की। दुनिया भर में इस घटना को लेकर दु:ख जताया जा रहा है। यह तय है कि हाथरस में इतनी अधिक संख्या में लोगों के मारे जाने पर शोक संवेदनाओं का तांता लगेगा, लेकिन क्या ऐसे हादसों को नियंत्रित करने वाले ऐसे कोई उपाय भी सुनिश्चित कर सकेंगे, जिससे भविष्य में देश को शर्मिंदा करने वाली ऐसी घटना न हो सके? प्रश्न यह भी है कि आखिर धार्मिक आयोजनों में धर्म-कर्म का उपदेश देने वाले लोगों को संयम और अनुशासन की सीख क्यों नहीं दे पाते? कब तक ऐसे आयोजन धन कमाने के माध्यम बनते रहेंगे, जब जब धर्म का ऐसे पाखण्ड एवं पाखण्डियों से गठबंधन हुआ है, तब तब धर्म अपने विशुद्ध स्थान से खिसका है। यह प्रश्न इसलिए, क्योंकि कई बार ऐसे आयोजनों में भगदड़ का कारण लोगों का असंयमित व्यवहार भी बनता है। ऐसा लगता है कि अपने देश में धार्मिक-सामाजिक आयोजनों में कोई इसकी परवाह नहीं करता कि यदि भारी भीड़ के चलते अव्यवस्था फैल गई तो उसे कैसे संभाला जाएगा? क्या इसलिए कि प्राय: मारे जाने वाले लोग निर्धन एवं गरीब वर्ग के होते हैं? एक डरावनी एवं संवेदनहीन हकीकत है कि हम ऐसे धर्म एवं धार्मिकता से जुड़े पिछले हादसों से कोई सबक नहीं सीखते। हाल के दिनों में भीड़भाड़ वाले धार्मिक आयोजनों में भगदड़ में लोगों के मरने के मामले लगातार बढ़ रहे हैं।

सवाल उठना स्वाभाविक है कि भीड़ के बीच होने वाले हादसों को कैसे रोका जाए। दो साल पहले माता वैष्णो देवी परिसर में भगदड़ में बारह श्रद्धालुओं की मौत हुई थी। अप्रैल 23 में बनारस की भगदड़ में 24 लोग मरे थे। खाटू श्याम में भी भीड़ में दब कर 4 लोगों की मौत हुई। इंदौर में पिछले साल रामनवमी के दिन बावड़ी की छत गिरने से पैंतीस लोग मर गये थे। इसी तरह 2016 में केरल के कोल्लम के एक मंदिर में आग लगने से 108 लोगों की मौत हुई और दो सौ से अधिक घायल हुए थे। पंजाब के अमृतसर में दशहरे के मौके पर रावण दहन देख रहे साठ लोगों के ट्रेन से कुचलकर मरने की घटना को नहीं भूले हैं। देश में भीड़ की भगदड़ से होने वाले 70 फीसदी हादसे धार्मिक आयोजनों के दौरान ही होते हैं। हाल में दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक स्थल से जुड़ा हादसा मुसलमानों के पवित्र स्थल मक्का में हुआ, जहां हज यात्रियों पर गर्मी का सितम इस कदर कहर बना कि 900 से ज्यादा मौतें हुई, जिनमें 90 भारतीय ने भी जाने गंवाई। विडम्बना है कि इन बड़े-बड़े हादसों से न तो जनता कुछ सीख लेती और न ही प्रशासन। यह हैरानी की बात है कि किसी ने यह देखने-समझने की कोई कोशिश नहीं की कि भारी भीड़ को संभालने की पर्याप्त व्यवस्था है या नहीं? यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि इस आयोजन की अनुमति देने वाले अधिकारियों ने भी कागजी खानापूर्ति करके कर्तव्य की इतिश्री कर ली। यदि ऐसा नहीं होता तो किसी ने इस पर अवश्य ध्यान दिया होता कि आयोजन स्थल के पास का गड्ढा लोगों की जान जोखिम में डाल सकता है।

जैसे-जैसे जीवन में धर्म का पाखंड फैलता जा रहा है, सुरक्षा उतनी ही कम हो रही है, जैसे-जैसे प्रशासनिक सतर्कता की बात सुनाई देती है, वैसे-वैसे प्रशासनिक कोताही के सबूत सामने आते हैं, ऐसे आयोजनों में मरने वालों की संख्या बढ़ रही है, लेकिन हर बड़ी दुर्घटना कुछ शोर-शराबे के बाद एक और नई दुर्घटना की बाट जोहने लगती है। सरकार और सरकारी विभाग जितनी तत्परता मुआवजा देने में और जांच समिति बनाने में दिखाते हैं, अगर सुरक्षा प्रबंधों में इतनी तत्परता दिखाएं तो ऐसे जघन्य हादसों की संख्या घट सकती है। बहरहाल आने वाले दिनों में जांच के बाद किसी के सिर पर लापरवाही का ठीकरा फोड़ा जाएगा। मगर इन मौतों का कसूरवार कौन है? जिन लोगों ने अपनों को खोया है, उनकी कमी कैसे पूरी होगी? कहा जा रहा है कि यह एक निजी कार्यक्रम था, कानून व्यवस्था के लिये प्रशासन की ड्यूटी लगाई गई थी, लेकिन आयोजन स्थल पर भीतरी व्यवस्था आयोजकों के द्वारा की जानी थी। अब बड़े अधिकारियों का घटना स्थल पर जाने का सिलसिला शुरू हो चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी घटनास्थल पर पहुंच चुके हैं।

# सत्संग में मौत का तांडव : कौन है इस हादसे का जिम्मेदार?



मनोज कुमार अग्रवाल



वह सब पिछड़े निम्न व निम्न मध्यम वर्ग के आस्थावान लोग थे जो एक स्वयंभू बाबा के सत्संग में हिस्सेदारी करने के लिए श्रद्धा के वशीभूत होकर पहुंचे थे लेकिन भारी भीड़ और उमस भरी गर्मी और हद दरजे की बदइंतजामी के कारण पैदा हुए दमघोटू माहौल में प्रवचन के बाद बाबा के पांव छूने की होड़ से भगदड़ मच गई और एक सौ बीस से अधिक श्रद्धालुओं के लिए मौत का सत्संग साबित हुआ है। उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में यह हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां मंगलवार (2 जुलाई) की शाम सत्संग में हुए एक बड़े हादसे में बड़ी संख्या में लोगों के मारे जाने के खबर हैं। यह सत्संग नारायण साकार विश्व हरि भोले बाबा का था। सत्संग में अचानक भगदड़ मच गई, जिसमें अब तक 120 से ज्यादा लोगों के मरभने के सूचना मिली हैं। मृतकों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। आस्था और श्रद्धा का जब धर्म के आवरण में छिपे चालाक लोग स्वयं को पुजवाने के लिए इस्तेमाल करते हैं तो उस की एक परिणिति इतनी भयावह और हृदय विदारक हो सकती है यह तमाशबीन बने प्रशासन को गुमान तक न था।

बता दें कि हाथरस के सिकंदराराऊ जीटी रोड स्थित थाना क्षेत्र के गांव फुलरई में आयोजित भोले बाबा के सत्संग में आए लोगों में भगदड़ मच गई। जिसमें एक सौ बीस से अधिक लोगों के मरने की पुष्टि की जा चुकी है। फिलहाल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सैकड़ों लोग मौत से जूझ रहे हैं, वहीं राज्य सरकार के कई मंत्री समेत वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों का अमला मौके पर पहुंचा और राहत कार्य में जुट गए। एक स्वयंभू बाबा इस हादसे को अंजाम देने के बाद अंडरग्राउंड हो गया लेकिन सरकार पर बाबागिरी इतना हावी है कि हादसे की एफआईआर में बाबा को नामजद तक नहीं किया गया है।

इस तरह एक सत्संग बेचारे भक्ति भाव वाले अभागे लोगों के लिए मौत का संग बन गया। बताया जा रहा है कि यह सत्संग संत नारायण हरी उर्फ भोले बाबा ने आयोजित किया था। हाथरस-एटा सीमा के पास रतिभानपुर स्थित आश्रम में संत भोले बाबा का प्रवचन सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए थे। मौसम के कारण टेंट में अत्यधिक नमी और गर्मी थी, जिससे अफरा-तफरी की स्थिति पैदा हो गई और भगदड़ में बड़ी संख्या में लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, अचानक भगदड़ के दौरान ये घटना घटी है। कई लोग मौके पर बेहोश हो गए थे। फिलहाल, प्रशासन द्वारा इस घटना की जांच की जा रही है। मौके पर मौतों का इतना भयावह दृश्य था कि यूपी पुलिस के एक सिपाही को इसे देखकर हार्ट अटैक आ गया और उसकी भी मौत हो गई।

ज्ञात हो कि हाथरस समेत पूरे इलाके में भोले बाबा काफी समय से सत्संग करवाते हैं। वह पहले पुलिसकर्मी थे और भोले बाबा का सत्संग शुरू किया। स्थानीय लोगों के मुताबिक करीब 10 सालों से सत्संग चलता है। मंगलवार को हाथरस के सिंकराराउ के रत्तीभानपुर में सत्संग हो रहा था। सत्संग में करीब 5 से 10 हजार लोग जुटे हुए थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक गर्मी ज्यादा थी और भगदड़ हो गई। एक के ऊपर एक लोग भागने लगे, यह जानलेवा साबित हुआ। अभी तक 121 श्रद्धालुओं की मौत की पुष्टि की गई है, करीब 150 घायल बताए जा रहे हैं। घायलों को एटा आगरा सिंकराहाउ के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है।

नारायण हरि या भोले बाबा कौन हैं जिन्होंने खुफिया विभाग की नौकरी छोड़ दी थी। जिस सत्संग में यह घटना घटी, उसका संचालन नारायण हरि करते थे, जिन्हें भोले बाबा के नाम से भी जाना जाता है, जिनके बारे में कहा जाता है कि वे राजनीति से जुड़े हुए हैं। उनके मंच पर कई बार उत्तर प्रदेश के कई बड़े नेता नज़र आ चुके हैं। हरि मूल रूप से उत्तर प्रदेश के एटा जिले के बहादुर नगरी गांव के रहने वाले हैं, जहां उन्होंने अपनी शिक्षा पूरी की। पढ़ाई पूरी करने के बाद, वे पुलिस की एलआइयू यूनिट में सिपाही बतौर शामिल हो गए और अध्यात्म की ओर रुख करने से पहले लंबे समय तक काम किया। आध्यात्मिक जीवन में प्रवेश करने के बाद, उन्होंने अपना नाम बदल लिया और नारायण साकार हरि के नाम से जाने जाने लगे। नारायण साकार हरि भगवा वस्त्र या कोई अलग पोशाक नहीं पहनते हैं। उन्हें अक्सर सफ़ेद सूट, टाई और जूते और कभी-कभी कुर्ता-पायजामा में देखा जाता है।

1990 के दशक में साकार हरि ने अपनी सरकारी नौकरी से इस्तीफा दे दिया और खुद को तथाकथित आध्यात्म में डुबो लिया। दावा है कि समागमों के दौरान मिलने वाला कोई भी दान, चढ़ावा या अंशदान वे अपने पास नहीं रखते, बल्कि भक्तों पर खर्च कर देते हैं। नारायण साकार हरि, जिन्हें साकार विश्व हरि या भोले बाबा के नाम से भी जाना जाता है, का जन्म पटियाली तहसील के बहादुर गांव में हुआ था। भोले बाबा के पश्चिमी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली सहित पूरे भारत में लाखों अनुयायी हैं। बाबा के खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। सूत्र बताते हैं कि हाथरस में सत्संग कराने वाले आरोपी बाबा पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। बताया जा रहा है कि यह सत्संग संत भोले बाबा द्वारा कराया गया था। हाथरस-एटा सीमा के पास रतिभानपुर स्थित आश्रम में संत भोले बाबा का प्रवचन सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटे थे। बाबा को सोशल मीडिया से दूर रहना पसंद है। खास बात यह है कि इंटरनेट के इस दौर में वे दूसरे साधु-संतों और कथावाचकों से अलग सोशल मीडिया से दूर रहते हैं। भोले बाबा का किसी भी प्लेटफॉर्म पर कोई आधिकारिक अकाउंट नहीं है। कथित भक्तों का दावा है कि नारायण साकार हरि यानी भोले बाबा के जमीनी स्तर पर काफी संख्या में अनुयायी हैं।

नारायण साकार हरि के दरबार में सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव भी हाजिरी लगा चुके हैं। बीते साल 2023 में ही समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव भी उनके कार्यक्रम में पहुंचे थे। उन्होंने एक्स पर सत्संग में हिस्सा लेने की तस्वीरें शेयर करते हुए एक पोस्ट भी लिखा था। इसमें अखिलेश यादव ने कहा था कि नारायण साकार हरि की सम्पूर्ण ब्रह्मांड में सदा-सदा के लिए जय जयकार हो।

इस हादसे के बाद इस कथित बाबा और आयोजकों ने लोगों की कोई मदद करना तो दूर बाबा मौके से अंडरग्राउंड हो गए। बताया जाता है कि कोरोना के समय में भी इस बाबा ने सत्संग आयोजित कर प्रशासन के लिए मुसीबत खड़ी कर दी थी। उस समय पचास हजार की भीड़ जुट गई थी। दरअसल यह बाबा दलित समाज से है इस बाबा की पश्चिमी व पूर्वी यूपी के दलित समाज में गहरी पैठ है और बड़ी संख्या में इस के अनुयायी हैं जिसके चलते इस के सत्संग में बड़ी संख्या में पिछड़े वर्ग के लोगों की उपस्थिति होती है।

सवाल यह है कि जब हाथरस के समागम की परमिशन दी गई तब जिला प्रशासन ने इस आयोजन के लिए पर्याप्त व्यवस्था क्यो नही की। प्रवेश और निकासी के लिए संकरे रास्ते इस हादसे की बड़ी वजह बने। किसी भी आयोजन के लिए यह सबसे बेसिक बात है कि वहां प्रवेश और निकासी के साथ आपात स्थिति के लिए भी निकासी के रास्ते होने चाहिए लेकिन प्रशासन ने सिर्फ चालीस पुलिस वालों की ड्यूटी लगाकर कर्तव्य की पूर्ति कर दी यही कारण है कि इतनी बड़ी जनहानि हुई लोगों के लिए यह सत्संग मौत का संग बन गया। मुख्यमंत्री योगी ने तत्काल राहत की व्यवस्था की स्वयं देखरेख की संभव है कि योगी बुधवार को हाथरस का दौरा कर सकते हैं। उधर लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद भाषण के दौरान पीएम मोदी ने हाथरस हादसे की सूचना मिलते ही हादसे में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना प्रकट की और आश्रितों व घायलों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।सरकार को इस हादसे से सबक लेना चाहिए क्योंकि आगामी दिनों में यूपी उत्तराखंड में कांवड़ यात्रा विशाल भोले बाबा के कीर्तन व भंडारे व गणेश पूजा आदि आयोजित किए जाते हैं और इनके दौरान हादसे घटित होने की गुंजाइश बनी रहती है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

# नयी लोकसभा में विपक्ष के तेवर के मायने स्पष्ट हैं



अवधेश कुमार

18वीं लोकसभा के अध्यक्ष के निर्वाचन के दौरान और उसके बाद का दृश्य निश्चित रूप से देश को एक हद तक राहत देने वाला था। आक्रामक मोर्चाबंदी के बाद विपक्ष ने संसद में मत विभाजन की मांग नहीं की। इस कारण ओम बिरला का दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष के रूप में निर्वाचन प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित हुआ। विपक्ष अपने पूर्व के तेवर के अनुरूप यदि के सुरेश और ओम बिरला के बीच मतदान पर अड़ता तो तस्वीर दूसरी होती। हालांकि संख्या बल के आधार पर सरकार की ओर से लाए गए उम्मीदवार ओम बिरला का निर्वाचन निश्चित था लेकिन विपक्ष भी अपनी ताकत दिखाना चाहता था। लगता है सरकार के रणनीतिकारों ने विपक्ष के साथ अंदर ही अंदर काफी बातचीत की, उन्हें मनाने का प्रयास किया और उसमें एक हद तक सफलता मिली। सरकार का तर्क यही था कि अध्यक्ष पद को राजनीति से दूर रखने के लिए ओम बिरला का निर्वाचन सर्वसम्मति से होना चाहिए। इसमें सरकारी पक्ष सफल नहीं हुआ लेकिन कम से कम मत विभाजन नहीं हुआ यह भी आज की स्थिति को देखते हुए बड़ी बात है। दूसरे, ओम बिरला के निर्वाचन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन्हें बधाई देने गए तो विपक्ष के नेता के रूप में राहुल गांधी भी आए और प्रधानमंत्री ने स्वयं उन्हें अपने हाथ से आगे आने का इशारा किया। फिर परंपरा के अनुरूप सदन के नेता एवं विपक्ष के नेता तथा साथ में संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू उन्हें आसान तक ले गए। आसन पर बैठने के बाद प्रधानमंत्री ने पहले उनसे हाथ मिलाए और फिर राहुल गांधी की ओर मुड़कर उन्हें आगे किया, फिर प्रधानमंत्री एवं राहुल गांधी ने भी हाथ मिलाया । इससे संदेश यह निकलता है कि राजनीति में आपसी दुश्मनी की स्थिति होते हुए भी हमारे राजनेता महत्वपूर्ण अवसरों पर अपनी भूमिका का गरिमा में निर्वहन कर सकते हैं । हालांकि इससे यह मान लेना गलत होगा कि विपक्ष ने सरकार के साथ समन्वय बनाकर काम करने का मन बनाया है। वास्तव में 18 वीं लोकसभा में शपथग्रहण के समय से विपक्ष का तेवर बता रहा है कि वह सरकार को आसानी से काम करने देने की मन:स्थिति में नहीं है। लोक सभा एवं राज्यसभा के राष्ट्रपति अभिभाषण संबंधी सत्र में विपक्ष का तेवर स्पष्ट रूप से मुखर होकर सामने आया है। शुरुआत से ही ऐसी स्थिति थी। आईएनडीआईए के सारे सांसद गांधी जी की प्रतिमा के पुराने स्थल से हाथों में संविधान लहराते हुए जिस तरह नारा लगाते आगे बढ़े वह चिंतित करने वाला दृश्य था। कम से कम सांसदों के शपथ ग्रहण के अवसर को प्रदर्शनों से दूर रखा जा सकता था। सरकार ने अभी ऐसा कोई कदम नहीं उठाया है जिसके लिए विपक्ष को इस तरह विरोध की एकजुटता प्रदर्शित करनी पड़े। विरोध के लिए आगे पूरा अवसर बना हुआ है। संसद में बजट आना है और भी कई विधेयक आने वाले हैं उन सब पर विपक्ष अपना तेवर दिखा सकता था, दिखाएगा भी। इसी तरह स्वयं विपक्ष का अपना एजेंडा है जो समय-समय पर संसदीय नियमों का लाभ उठाते हुए प्रस्तुत करने की कोशिश करेगा। सांसदों के शपथ ग्रहण यानी 18वीं लोकसभा की शुरुआत में विपक्ष ने अपनी रणनीति के तहत ही आक्रामक विरोधी चरित्र प्रदर्शित किया है। पहले भर्तृहरि मेहताब को प्रोटेम स्पीकर बनाए जाने का विरोध हुआ। कांग्रेस ने यह भी कह दिया कि उनकी पार्टी भर्तृहरि मेहताब को सहयोग नहीं करेगी। उससे भय पैदा हुआ लेकिन सभी कांग्रेसी सांसदों ने अंततः भारतीय भर्तृहरि मेहताब की अध्यक्षता में ही शपथ ग्रहण किया। इसके पूर्व कभी प्रोटेम स्पीकर को लेकर इस तरह विरोध हुआ हो इसके रिकॉर्ड अभी तक सामने नहीं आए हैं। कांग्रेस की मांग थी कि के सुरेश आठ बार के सांसद हैं इसलिए उन्हें प्रोटेम स्पीकर बनाना चाहिए। सरकार का कहना था कि के सुरेश एक बार सांसद नहीं रहे हैं जबकि भर्तृहरि मेहताब लगातार सात बार सांसद रहे हैं। यह विषय असहमति का है। संविधान में कहीं इसका उल्लेख नहीं है कि प्रोटेम स्पीकर किसे बनाया जाए।

उसके बाद से विपक्ष ने ऐसा कोई संकेत नहीं दिया है कि वह लोकसभा चुनाव के दौरान उठाए गए मुद्दों और अपनाए तेवरों से पीछे हट रहा है। आप ओम बिरला के लोकसभा अध्यक्ष बनने के बाद दिए गए विपक्ष के नेताओं के भाषणों को देखिए तो काफी कुछ स्पष्ट हो जाएगा। उदाहरण के लिए राहुल गांधी ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि आपके नेतृत्व में संविधान की रक्षा होगी। आप विपक्ष को पूरी तरह बोलने का अवसर देंगे जिससे आमजन की आवाज संसद में आ सके। उन्होंने पूर्व लोकसभा में सांसदों के निलंबन पर भी कटाक्ष किया। ठीक इसी तरह समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने भी लोकसभा अध्यक्ष पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि आप सत्ता पक्ष को तो मौका देते ही है लेकिन अब उम्मीद है कि विपक्ष को भी अवसर देंगे। फिर उन्होंने भी भविष्य में सांसदों के निलंबन न होने की उम्मीद जताई। इसी तरह तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंदोपाध्याय एवं अन्य नेताओं के भाषण अध्यक्ष को भी दलीय राजनीति में घसीटने और उनको कटघरे में खड़ा करने वाला ही था। अध्यक्ष के निर्वाचन के बाद सभी उन्हें धन्यवाद देते हैं, उनकी प्रशंसा करते हैं और उनकी अध्यक्षता में संसद के संचालन में सहयोग करने का वादा करते हुए शुभकामना भी देते हैं। विपक्ष के भाषण में ये विषय थे किंतु उनकी धारा बिल्कुल अलग थी।

इसके बाद राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के संयुक्त सत्र के अभिभाषण को लेकर भी विपक्ष ने सरकार के साथ सहयोग या सहकार वाली भूमिका का संदेश नहीं दिया। आम आदमी पार्टी द्वारा अभिभाषण का बहिष्कार तथा शिवसेना उद्धव ठाकरे द्वारा उसका समर्थन बताता है कि संसद को लेकर विपक्ष की राजनीति किस दिशा में जाने वाली है। शिवसेना- उद्धव ठाकरे के सांसद संजय राउत में कहा कि बहिष्कार बिल्कुल ठीक है। यह सरकार तानाशाही रवैया अपनाती है और उसमें राष्ट्रपति का भी योगदान है। राष्ट्रपति को दलीय राजनीति में घसीटना अन्य सभी घटनाक्रमों से ज्यादा चिंतित करने वाला है। राष्ट्रपति देश के अभिभावक के तौर पर स्वीकार किए जाते हैं। हमारे देश में राष्ट्रपति संवैधानिक प्रमुख हैं, पर ल उन्हें मंत्रिमंडल के निर्णय के अनुसार ही भूमिका निभानी पड़ती है। बावजूद विपक्ष राष्ट्रपति पर इस तरह के हमले से बचता रहा है। आपातकाल के दौरान फखरुद्दीन अली अहमद की भूमिका को छोड़ दें तो अभी तक संजय राउत की तरह राष्ट्रपति की आलोचना करने जैसा वक्तव्य सामने नहीं आया था। फखरुद्दीन अली अहमद के विरुद्ध भी विपक्ष को बोलने का मौका नहीं मिला था क्योंकि सभी जेल में डाल दिए गए थे। राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद कांग्रेस सहित सभी विपक्षी नेताओं की प्रतिक्रियाएं देखें तो सरकार पर पूरी तरह हमलावर है।

# रामविलास पासवान दलित महानायक और विकासपुरुष थे



ललित गर्ग

बिहार की राजनीति में चमत्कार घटित करने वाले, भारतीय दलित राजनीति के शीर्ष नेता एवं पूर्व केन्द्रीय खाद्य आपूर्ति मंत्री श्री रामविलास पासवान का जीवन राजनीति में नये मूल्यमानक गढ़ने का प्रेरक रहा है जिन्होंने राजनीति में पाँच दशकों से भी ज्यादा समय तक सक्रिय रहकर विधायक, सांसद और केंद्रीय मंत्री तक की जिम्मेवारी बखूबी निभाई थी। पासवान को एक ऐसा नेता माना जाता है जिन्हें हर धर्म और समुदाय के लोगों का प्यार व समर्थन हासिल हुआ और वे देश में विकास पुरुष के तौर पर जाने गए। मंडल आयोग की सि×फारिशों को लागू के में पासवान की अहम भूमिका रही। उनके रेलमंत्रित्व काल में बिहार में कई परियोजनाएं शुरू हुईं और जिस भी मंत्रालय में वे रहे, उनकी चिंताओं के केंद्र में हमेशा गरीब-गुरबा और हाशिए पर रहनेवाले लोग ही रहे। रामविलास पासवान का जीवन दलित सशक्तिकरण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का एक जीवंत दस्तावेज़ है। 5 जुलाई 2024 को उनका 78वां जन्म जयन्ती समारोह राष्ट्रीय स्तर पर मनाया जा रहा है।

रामविलास पासवान ने लोक जनशक्ति पार्टी की वर्ष 2000 में स्थापना की एवं संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी से उनका राजनीति सफर शुरु हुआ। वे अकेले ऐसे राजनीतिक व्यक्तित्व थे जिन्हें अनेक प्रधानमंत्रियों के साथ काम करने का मौका मिला और वे दो बार लोकसभा में सदन के नेता भी रहे। उन्होंने 1977 में हाजीपुर से रिकॉर्ड मतों से चुनाव जीत कर एक अनूठा इतिहास बनाया। उन्होंने दलितों से लेकर सर्वहारा वर्ग के लिये हमेशा आगे बढ़कर एक कर्मयोद्धा की भांति लड़ाई लड़ी। 1969 से अपना राजनीतिक सफर शुरु करने वाले रामविलासजी ने जेपी आन्दोलन में सक्रिय भूमिका निभाई और फायरब्रांड समाजवादी के रूप मे उभरे। वे वंचित वर्गों की आवाज मुखर करने वाले तथा हाशिए के लोगों के लिए सतत संघर्षरत रहने वाले जनसेवक थे। उनका जीवन राजनीति में न केवल दलितों-वंचितों के उन्नायक महानायक बल्कि उच्च चारित्रिक एवं नैतिक मूल्यों का प्रेरक था। पासवानजी का जन्म बिहार के खगरिया जिले के अलौली प्रखंड के शाहरबन्नी गाँव में हुआ। अनुसूचित जाति के परिवार में पिता जामुनजी पासवान एवं माता सियादेवी की कुक्षी से आपका जन्म 5 जुलाई, 1946 को हुआ। उन्होंने 1960 के दशक में राजकुमारी देवी से पहली शादी की जिसे 1981 में तलाक दे दिया था। उनकी पहली पत्नी राजकुमारी से उषा और आशा दो बेटियां हैं। 1983 में, अमृतसर से एक एयरहोस्टेस और पंजाबी हिन्दू रीना शर्मा से दूसरा विवाह किया। जिससे उनके एक बेटा और बेटी है। उनके बेटे चिराग पासवान एक अभिनेता से राजनेता बने हैं, वर्तमान में लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष है और हालही में सम्पन्न लोकसभा चुनाव में शानदार जीत हासिल कर वे अपने पिता के पदचिन्हों पर चलते हुए केन्द्रीय खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'हनुमान' के रूप में वे उनके विश्वासपात्र है।

श्री रामविलास पासवान का राजनीति जीवन अनेक विशेषताओं एवं विलक्षणताओं का समवाय रहा है। उन्होंने 11 बार चुनाव लड़ा और उनमें से नौ बार जीत हासिल की थी। वे सत्रहवीं लोकसभा में मोदी सरकार में एक बार फिर से उपभोक्ता मामलात मंत्री बने। बिहार में कभी बड़ी ताकत नहीं बन पाए पासवान ने दिल्ली की राजनीति में खुद को एक ताकत बनाए रखा और तीन दशकों तक देश के



विभिन्न प्रधानमंत्रियों की जरूरत बने रहे। विश्वनाथ प्रताप सिंह, एच डी देवगौड़ा, इंद्रकुमार गुजराल, अटल बिहारी बाजपेयी, मनमोहन सिंह और नरेंद्र मोदी की सरकारों में भी अहम पदों पर रहे। भारतीय राजनीति के इस जुझारू एवं जीवट वाले नेता ने राजनीति में कर्मयोगी की भांति जीवन जीया। यह सच है कि वे बिहार के थे यह भी सच है कि वे लोजपा के थे किन्तु इससे भी बड़ा सच यह है कि वे राष्ट्र के थे, राष्ट्रनायक थे। देश की राजनीति में वे दुर्लभ एवं संवेदनशील व्यक्तित्व थे। गरीबों, वंचितों, दलितों की आवाज बनने वाले इस विलक्षण राजनेता के व्यक्तित्व एवं कृतित्व की अनेक विशेषताएं थी, वे उदात्त संस्कार, लोकजीवन से इतनी निकटता, इतनी सादगी-सरलता, इतना धर्म-संस्कृतिप्रेम और इतनी सचाई ने उनके व्यक्तित्व को बहुत और बहुत ऊँचा बना दिया था। वे अन्तिम साँस तक देश की एवं दलितों-वंचितों की सेवा करते रहे। उनका निधन एक राष्ट्रवादी सोच की राजनीति एवं सर्वहारा वर्ग के मसीहा महानेता का अंत था। वे सिद्धांतों एवं आदर्शों पर जीने वाले व्यक्तियों की श्रृंखला के प्रतीक थे। उनके जीवन को राजनैतिक जीवन में शुद्धता की, मूल्यों की, संस्कृति की, दलित राजनीति की, सर्वहारा वर्ग के लिये संघर्ष की, सिद्धांतों पर अडिग रहकर न झुकने, न समझौता करने की प्रेरकता का विलक्षण एवं अनुकरणीय उदाहरण था। वे सदा दूसरों से भिन्न रहे। भ्रष्ट राजनीति में बेदाग। विचारों में निडर। टूटते मूल्यों में अडिग। घेरे तोड़कर निकलती भीड़ में मर्यादित। उनके जीवन से जुड़ी विधायक धारणा और यथार्थपरक सोच ऐसे शक्तिशाली हथियार थे जिसका वार कभी खाली नहीं गया। बिहार के लिए सचमुच वे 'राम' यानी सबके प्रिय एवं चेहते थे। एक युवा नेता के रूप में उन्होंने आपातकाल के दौरान अत्याचार और लोकतंत्र पर हमले का सशक्त एवं प्रभावी विरोध करते हुए अपनी स्वतंत्र राजनीतिक सोच एवं दृष्टिकोण को प्रस्तुत किया।

जरूरतमंदों की सहायता करते हुए, नये राजनीतिक चेहरों को गढ़ते हुए, मुस्कराते हुए और हंसते हुए छोटों से स्नेहपूर्ण व्यवहार और हम उम्र लोगों से बेलौस हंसी-मजाक करने वाले श्री रामविलास पासवान की जिंदगी प्रेरक, अनूठी एवं विलक्षण इस मायने में मानी जाएगी कि उन्होंने जिंदगी के सारे सरोकारों को छुआ। वह राजनेता थे तो उन्होंने दलित-वंचितों के लिये आवाज उठाई, सर्वहारा वर्ग की चिन्ता की, उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ी। उनका दृष्टिकोण व्यापक था और दलित हितों से प्रतिबद्ध था। वे दलित आंदोलनकारी और राजनीतिक घटनाक्रमों के सूत्रधार भी रहे। क्रांतिकारियों व वरिष्ठ स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के सरोकारों से भी वे हमेशा जुड़े दिखे। बड़े व व्यस्त राजनेता होने के बावजूद विभिन्न धर्मों एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में सहज भागीदारी- उनके जीवन के विविध आयाम थे। जितना वे दलित हित की चिन्ता करते उतनी ही आदिवासी उत्थान के लिये तत्पर रहते। गुजरात के बडौदा-छोटा उदयपुर के आदिवासी क्षेत्रों में गणि राजेन्द्र विजयजी के नेतृत्व में एवं सुखी परिवार फाउण्डेशन के द्वारा संचालित गतिविधियों में उनका भरपूर सहयोग मिला। बिहार में जैन तीर्थंकरों की कल्याण भूमि को लेकर उनके मन में बड़ी योजना थी। बिहार के जैन तीर्थंकरों के सरोकारों, संस्कृति और इतिहास से जुड़ा शायद ही कोई पहलू ऐसा रहा हो जो उनके दिलों की धड़कन में न धड़कता रहा हो। उनकी गिनती बिहार की मिट्टी से जुड़े कद्दावर नेताओं में थी और उनके सभी दलों के साथ अच्छे संबंध थे।

रामविलास पासवानजी बहुत ही जुझारू नेता थे, सभी के प्रति उनका भाव हमेशा सृजनात्मक रहा, यही उन्हें दूसरों से हमेशा अलग बनाता रहा। उनका रूख हमेशा सकारात्मक राजनीति के प्रति रहता था। उनके सुझाव इतने गंभीर होते थे कि हर किसी का ध्यान खींचते थे। वे राजनीति से एक कदम आगे विकास की दिशा में बढ़ने के लिए सुझाव देते थे। वह एनडीए गठबंधन के सहयोगी ही नहीं, बल्कि उसकी सफलता के मुख्य सूत्रधार थे। वे गठबंधन की राजनीति के अहम किरदार रहे। उनकी कोशिश होती थी कि समाज के वंचित वर्ग को न्याय मिले और उसके अधिकारों का सम्मान किया जाए। रामविलास पासवान ने अपनी समन्वय नीति, सादगी एवं सरलता से राजनीति को एक नया दिशाबोध दिया। वे बिहार की सांस्कृतिक विरासत को जीवंतता देने एवं बिहार की जैन-बौद्ध संस्कृति के लिए अपनी आवाज उठाने और उसके हक में लड़ने वाले विशिष्ट नेताओं में से एक थे। वे लोगों के दिलों पर राज करने वाले राजनेता थे, वे साधारण कार्यकर्ता की तरह कहीं भी रह जाते थे। उनके दिलो-दिमाग में बिहार एवं वहां की जनता हर समय बसी रहती थी। काश! सत्ता के मद, करप्शन के कद, व अहंकार के जद्द में जकड़े-अकड़े रहने वाले राजनेता उनसे बोधपाठ लें। निराशा, अकर्मण्यता, असफलता और उदासीनता के अंधकार को उन्होंने अपने आत्मविश्वास और जीवन के आशा भरे दीपों से पराजित किया। उनके जीवन की कोशिश रही कि लोग उनके होने को महसूस ना करें बल्कि उन्होंने काम इस तरह किया कि लोग तब याद करें, जब वे उनके बीच में ना हों। इस तरह उन्होंने अपने जीवन को एक नया आयाम दिया और जनता के दिलों पर छाये रहे। उनका व्यक्तित्व एक ऐसा आदर्श राजनीतिक व्यक्तित्व हैं जिन्हें सर्वहारा वर्ग के विकास, संस्कृति, सेवा और सुधारवाद का अक्षय कोश कहा जा सकता है।

# ग्राम पंचायत में सरपंच व सचिव द्वारा हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ ग्रामीणों ने उठाई आवाज

चमकता राजस्थान

भरतपुर (राजवीर सिंह)। सेबर पंचायत समिति के गांव कंजौली मे ग्रामीणों ने सरपंच और सचिव द्वारा पंचायत मे विकास कार्य नही करवाने पर पंचायत समिति मे भी कई बार शिकायत की है लेकिन अभी तक इनके खिलाफ कोई कार्यवाही नही हुई है गांव मे पीने के पानी की समस्या बरकरार बनी हुई है ग्रामीण हजारों रूपये खर्च कर अपने पैसो से खरीद कर पानी पीने को मजबूर है जबकि जल जीवन मिशन के द्वारा करोडो रूपये सरकार द्वारा खर्च किया जा चुका है , सरपंच द्वारा निजी लाभ प्राप्त कर अपने चेहतो के यहां पर तो हैडपंप निजी निवास मे भी लगवा दिये है लेकिन अभी तक ग्रामीणों को कोई राहत नही मिली है। गांव मे कीचड से भरे रास्तों पर से निकलना भी बहुत मुश्किल भरा काम है जिसे लेकर कई बार जिला प्रशासन को भी शिकायत की लेकिन सरपंच के द्वारा केवल कागज़ो मे कार्य पूरे किए गये है





जिससे ग्रामीणों मे रोष व्याप्त है। रास्तों पर नाली निर्माण कार्य और खरंजा निर्माण मे भी घटिया क्वलिटी का मेटेरियल लगाकर विना एम बी जारी किए ही खुलेआम लूट की जा रही है। आलाधिकारियों की मिलीभगत से कोई कार्यवाही आज तक नही हुई है। ग्राम पंचायतों मे सरकारी पैसे की लूट जारी है शिकायत मिलने पर जांच मे सहयोग करने की बजाय सरपंच, सचिव और पंचायत समिति विकास अधिकारी ने भी किया विरोध। भरतपुर जिले की सेवर पंचायत समिति मे सरकारी पैसे की लूट जारी है मनरेगा मे हेराफेरी एवं फर्जी हाजिरी भरकर उठाया जा रहा है भुगतान। फर्जी मजदूर बनाकर लाखो का खेल चल रहा है ।सरपंच और रोजगार सेवक अपने चेहतो के नाम मजदूरी मे डालकर पैसा निकलवाकर बंदरबांट कर रहे है। पंचायत समिति सेवर मे ग्राम पंचायत मडरपुर, इकरन, रामपुरा, तुहिया, झारौली, मांडौनी, मूडौता, बांसी खुर्द, बहनेरा, तुहिया, गांवडी, घुशयारी, चिकसाना, हथैनी, आदि लगभग एक दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतों मे सरपंचो, सचिवों और रोजगार सेवको द्वारा सभी की मिलीभगत से फर्जी मस्टर रोल पर एम बी कर भुगतान किए जा रहे है शिकायत मिलने पर संवाददाता राकेश फौजदार द्वारा जब ग्राउंड लेवल पर जांच करने की कोशिश की तो जांच मे सहयोग करने की बजाय सभी सरपंचो ने पंचायत समिति कार्यालय जाकर विकास अधिकारी के सामने भी जांच टीम का विरोध व्यक्त किया और जांच से बौखलाए सरपंचो ने पत्रकार राकेश सिंह फौजदार को जान से मारने की धमकी तक दे डाली और मनरेगा मे जांच टीम का खुलकर विरोध किया है विकास के नाम पर खुलेआम भ्रष्टाचार के खिलाफ ग्रामीणों ने भी जिला प्रशासन को लिखित शिकायत भेजी है लेकिन अभी तक कोई भी कार्यवाही उच्चाधिकारियों द्वारा नहीं की जा रही है।

## न्यूट अपडेट

### ठगी पीड़ित परिवार जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा



चमकता राजस्थान, धौलपुर (रामदास तरुण)। जिला धौलपुर में अभिकर्ताओं एवं जमा करताओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया! जिसमें सहारा इंडिया, परिवार डेयरी, और पीएसीएल सहित अन्य ठगी पीड़ित कंपनियों के अभिकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में एकत्रित होकर प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कर सहारा इंडिया, परिवार डेयरी, पीएसीएल सहित और अन्य कंपनियों में जमा कर्ताओं के जमा धन को बड्स एक्ट 2019 में बनाए गए संशोधित कानून के तहत वापस दिए जाने की मांग की है। सहारा इंडिया परिवार, परिवार डेयरी, पीएसीएल आदि कंपनी के अभिकर्ता / जमा करता कृष्ण कुमार के द्वारा बताया गया कि ज्ञापन में अभिकर्ताओं ने चेतावनी दी है! कि अगर 31 जुलाई 2024 तक पीड़ित जमा करता परिवार का जमा धन वापस नहीं किया तो राजधानी दिल्ली में जंतर मंतर पर देशव्यापी धरना अनिश्चितकालीन के लिए शुरू किया जाएगा !जिसकी समस्त जिम्मेदारी केंद्र व राज्य सरकार की होगी। अभिकर्ताओं ने बताया कि सरकार ने बड्स एक्ट 2019 में अनियमित जमा योजना, ठग कंपनी व सोसाइटी में डूबी हुई जमा राशि को पीड़ित आवेदकों को 180 दिन में जमा राशि के दो से तीन गुना वापस दिलाने का कानूनी अधिकार दिया था। अनियमित जमा योजनाएं पाबंदी अधिनियम 2019 के अंतर्गत देश के प्रत्येक जिले में पीड़ित आवेदकों से आवेदन लेने और उनका भुगतान करने के लिए भुगतान पोटल की स्थापना कागजों में कानून में हुई। अनियमित जमा व नियमित जमा योजनाओं में जनता के जमा धन की वापसी को लेकर संसद और सरकार ने देश में विशेष न्यायालय, सक्षम अधिकारी, एवं नोडल अधिकारी बनाए है। लेकिन 5 वर्ष बाद भी संघ या राज्यों ने बड़ास बड्स एक्ट 2019 के अंतर्गत पीड़ितों से न आवेदन आमंत्रित किए न आवेदन लेने के बाद उनका धन वापस कियाहै ! जो करोड़ों नागरिकों के साथ अन्याय है। इस अवसर पर ज्ञापन देने वालों में कृष्ण कुमार, लक्ष्मी देवी, कप्तान सिंह, पिंकी, रामगोपाल, भोगीराम, श्रीपति, गोपाल सिंह, देवेंद्र कुमार, ओमप्रकाश सूबेदार आदि ठगी पीड़ित जमा करता उपस्थित रहे ।

### महिला कल्याण संगठन आगरा द्वारा रेल संस्थान ईदगाह में किया वृक्षारोपण



चमकता राजस्थान, आगरा (एजेंसी)। महिला कल्याण संगठन उत्तर मध्य रेलवे आगरा द्वारा रेल संस्थान ईदगाह में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन दिनाँक :-3 जुलाई 24 को महिला कल्याण संगठन उत्तर मध्य रेलवे आगरा द्वारा रेल संस्थान ईदगाह में वृक्षारोपण कर किया गया! वृक्षारोपण कार्यक्रम मुख्यालय प्रयागराज तथा महिला कल्याण संगठन के सेंट्रल संगठन के दिशानिर्देशों के तहत किया गया! इस कार्यक्रम में महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा रितु अग्रवाल सचिव अदिति मित्तल, कोषाध्यक्ष मानसी सिंह तथा महिला कल्याण संगठन की अन्य सदस्याओ ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण एवं वातावरण स्वच्छ रखने का सन्देश दिया कइस कार्यक्रम में प्रवीण कुमार मु.क.हि. निरीक्षक, विन्दु यादव, मु.क.हि.निरीक्षक, दिनेश बघेल, एस.एस.ई./कार्य ईदगाह द्वारा सहयोग किया गया।

### पुलिस ने गैंगरेप व हत्या के मामले में चार संदिग्धों को लिया हिरासत में

चमकता राजस्थान, जयपुर/जैसलमेर (खलील कुरैशी)। बारां जिले में थाना कस्बाथाना निवासी एक नाबालिग के साथ गैंगरेप व हत्या के मामले में जैसलमेर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर चार संदिग्धों को डिटेन किया है, जिससे गहन पूछताछ व अनुसंधान किया जा रहा है।एसपी सुधीर चौधरी ने बताया कि बारां जिले के थाना कस्बाथाना से एक जीरो नंबरी एफआईआर थाना मनोहरगढ़ जिला जैसलमेर को प्रेषित की गई, महिला थाना जैसलमेर को प्राप्त हुई। इस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महिला अपराध अनुसंधान प्रकोष्ठ प्रियंका कुमावत द्वारा अनुसंधान शुरू किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी चौधरी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पोकरण गोपाल सिंह भाटी व अनुसंधान अधिकारी प्रियंका कुमावत के नेतृत्व में सीओ नाचना संजीव कटेवा, एसएचओ कोतवाली सवाई सिंह, एसएचओ महिला थाना गीत बिश्नोई, एसएचओ मोहनगढ़ एवं डीएसटी प्रभारी भारमल के नेतृत्व में गठित की गई अलग-अलग टीमों द्वारा चार संदिग्धों को डिटेन किया गया है, जिनसे पुलिस की सभी टीमो द्वारा पूछताछ की जा रही है।

### उपखंड अधिकारी बाड़ी ने विभिन्न स्थानों पर कई छायादार पौधे लगाए



चमकता राजस्थान, धौलपुर (रामदास तरुण)। उपखंडअधिकारी राधेश्याम मीणा द्वारा बरगद का पेड़ लगाकर पर्यावरण को शुद्ध करने की, अपील बाडी जैसा कि आप सभी को सर्व विदित है! कि एडड क्लब बाड़ी द्वारा शहर में कई स्थानों पर पेड़ लगाए जा रहे है। साथ ही कई स्थानों को पीपल वाटिका के रूप में तैयार किया जा रहा है। इस कार्य का समयानुसार आगे विस्तार भी किया जायेगा। इस कड़ी में बाड़ी उपखंड़ अधिकारी राधेश्याम मीणा भी टीम का मनोबल बढ़ाने हेतु मौके पर पहुँचे। तथा इस कार्य में मदद का भी भरोसा दिलाया तथा स्वयं पेड़ लगाकर पेड़ में पानी देकर टीम का उत्साह भी बढ़ाया। साथ ही एडड क्लब के प्रत्येक सदस्य का भी आभार जो काफी मेहनत करके इस मुहिम को आगे बढ़ा रहे है। बस्ती का हर एक व्यक्ति, महिला, युवा,बच्चे , ईसीओ क्लब का सदस्य है ! जो तन, मन, धन, या किसी भी रूप में टीम की सहायता कर रहे है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की नीतियों के खिलाफ खोला मोर्चा




चमकता राजस्थान

अज़मेर (रघुनन्दन पारीक)। श्रीनगर अजमेर पुष्कर विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा जिला कार्यालय अजमेर में कांग्रेस की प्रमुख नीतियों के विरोध में आपातकाल दिवस (काला दिवस) भाजपा अजमेर जिला देहात महामंत्री जीतमल प्रजापति की अध्यक्षता में विरोधकर मनाया गया इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व उप जिला प्रमुख गिरधारी लाल अरडकाका ने आपातकाल समय कि कांग्रेस की दमनकारी एवं अलोकतांत्रिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला व उस समय की आंखो देखी घटनओ के बारे में आप बीती सुनाई इस अवसर पर मुख्य वक्ता श्री नरेंद्र सिंह रावत अजमेर जिला संयोजक (आपातकाल दिवस) ने अपने उद्बोधन में बताया की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपनी कुर्सी बचानेव परिवारवाद को आगे बढाने के लिए एवं भारत देश पर नेहरू गांधी परिवार का ही राज रहे इस नीति के चलते अलोकतांत्रिक तरीका अपनाते हुए जन सामान्य को परेशान करते हुए 25 जून 1975 को आपातकाल लगाया। विभिन्न राष्ट्रीय राष्ट्रवादी संगठनों, पत्र पत्रिकाओं पर प्रतिबंध लगा दिया। कांग्रेस द्वारा जनता को भ्रामक व गुमराह करने की नीतियों के विरोध में भाजपा द्वारा काला दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह रावत ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए धन्यवाद प्रेषित कियाआपातकाल के दौरान विपरीत परिस्थितियों से पीड़ित 85 वर्षीय श्री गोम सिंह रावत बड़लिया का सम्मान किया गया। इस मौके पर सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं सेदरिया पंचायत में पूर्व सरपंच घनश्याम जांगिड़, किसान मोर्चा जिला महामंत्री हरदेव सिंह रावत, अजमेर जिला देहात युवा मोर्चा अध्यक्ष अर्जुन नलियां, अजमेर जिला देहात आई टी संयोजक प्रकाश सिंह रावत, खोड़ा गणेश मंडल अध्यक्ष सुरजीत सिंह रावत, नरवर मंडल अध्यक्ष गजेन्द्र गोस्वामी, खोड़ा गणेश मंडल महामंत्री सोहन सिंह रावत, पूर्व मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह रावत, रुपनगढ मंडल अध्यक्ष रुपचंद रायका, विक्रम सिंह रावत, जीवनराम प्रजापति, टीकमसिंह रावत सहित पार्टी के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दो गांवों के बीच ब्रेकर बनाने एवं तोड़ने को लेकर हुआ विवाद



चमकता राजस्थान, चौमहला (रमेश मोदी)। गंगधार उपखंड में तलावली पंचायत के गांव विलावली में भाटखेड़ी मेन रोड पर ब्रेकर बनाने से दो पक्षों भाटखेड़ी व तलावली के ग्रामीणों में विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई, सूचना पर गंगधार थाना प्रभारी नंद किशोर वर्मा, मय जाप्ते के, व पी डब्ल्यू डी कनिष्ठ अभियंता शंकर सिंह मौके पर पहुचे वँहा मौके का जायजा लेकर ग्राम पंचायत तलावली द्वारा बनाये ब्रेकर को जेसीबी मशीन से हटाकर फिलहाल मामला शांत करवा दिया है सूत्रों के अनुसार इस मामले को लेकर 15 -17 दिन पहले भी विवाद हो चुका है ,थाना प्रभारी ने बताया दोनों पक्षो का क्रास मुकदमा दर्ज कर लिया गया है वही पी डब्ल्यू डी के कनिष्ठ अभियंता ने कँहा की 7 दिनों में विभाग के मापदंड व नियमानुसार ब्रेकर बना दिये जायेंगे।

## चुरू जिले में थाना भानीपुरा व डीएसटी की कार्रवाई

# अंतर्राज्यीय मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर एक करोड़ कीमत की अफीम की जब्त

चमकता राजस्थान



जयपुर/चूरू (खलील कुरैशी)। चूरू जिले की भानीपुरा थाना पुलिस की टीम ने डीएसटी के सहयोग से मंगलवार को मालसर गांव के पास एक गुजरात नंबर के ट्रक कैंटर गाड़ी से एक करोड़ रुपए कीमत की 13 किलो 715 ग्राम अफीम जब्त कर अंतर्राज्यीय तस्कर सवाई सिंह पडिहार पुत्र जवाहर सिंह (50) निवासी सुंदरवास थाना प्रताप नगर उदयपुर को गिरफ्तार किया हैएसपी जय यादव ने बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र दादरवाल व सीओ अनिल माहेश्वरी के सुपरविजन में मंगलवार को डीएसटी के सहयोग से एसएचओ भानीपुरा रायसिंह मय टीम द्वारा मेगा हाईवे मालसर फांटा पर नाकाबंदी कर सघन चैकिंग की जा रही थीइसी दौरान सरदारशहर की तरफ से आ रहे गुजरात नंबर के एक केन्टर ट्रक को रुकवा कर तलाशी ली गई। आरोपी तस्कर ने अपनी गाड़ी को मॉडिफाई करवा कर चेचिस में गुप्त जगह बना रखी थी। जहां से पुलिस की टीम ने 13 किलो 715 ग्राम अफीम जब्त की, जिसकी कीमत करीब 1 करोड़ रुपए है। एसपी यादव ने बताया कि आरोपी तस्कर सवाई सिंह बाहरी राज्यों से लाकर अवैध मादक पदार्थ की तस्करी किया करता है। इससे पहले भी 22 किलो अफीम के साथ आरोपी को थाना दीमापुर नागालैंड पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया था। पिछले 6 महीनों में थाना भानीपुरा पुलिस की अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध यह 12वीं कार्रवाई है। इन कार्रवाई में पुलिस ने 278 किलो 200 ग्राम डोडा पोस्त, 19 किलो 415 ग्राम अफीम सहित 6 वाहन जप्त कर 16 तस्करों को गिरफ्तार किया है।

## भारतीय महिला टीम एशियाई लैक्रोज़ चैंपियनशिप के सेमी फाइनल में पहुंची

चमकता राजस्थान



जयपुर (खलील कुरैशी)। ओलंपियाड स्टेडियम समरकंद उज़्बेकिस्तान में खेली जा रही एशियाई महिला लैक्रोज़ प्रतियोगिता में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया इस बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए प्रशिक्षक नीरज बत्रा के अनुसार भारतीय टीम की ओर से कप्तान सुनीता मीणा, विशाखा मेघवाल, जुला कुमारी गुर्जर, डाली गमेती, हेमलता डांगी, मीरा दौजा राधिका जेडे और गोलकीपर दीपिका बामनिया का सराहनीय प्रदर्शन रहा ' भारतीय टीम की उपलब्धि पर लैक्रोज़ एसोसिएशन ऑफ इण्डिया के महासचिव तौसीफ अहमद लारी, उपाध्यक्ष डॉ गंगाधरया, सलीम खान, सौरभ वेताल ने बधाई व शुभकामनायें दी।

## स्वच्छ सर्वेक्षण-2024

# वार्ड नं. 75, 81 व 134 आदर्श आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर

चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी)। नगर निगम ग्रेटर द्वारा बुधवार को सभासद भवन में आत्मनिर्भर वार्ड के अन्तर्गत वाड आर. डब्ल्यू. ए. एस. मार्केट एसोशिएशन के सदस्य एवं स्वच्छता के प्रति अग्रणी कार्य करने वाले स्वच्छता मित्रों, स्वच्छता चैम्पियन के साथ स्वच्छता संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें वार्ड संख्या 75, 81, 134 के पार्षदगण, जोन उपायुक्त, अधिशाषी अभियन्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में स्वच्छता समिति चैयरमेन रामकिशोर प्रजापत, अभय पुरोहित, रामस्वरूप मीणा भी मौजूद रहे। स्वच्छता संवाद कार्यक्रम में आयुक्त रूकमणि रियाड़ ने बताया कि वार्ड संख्या 81, 75,134 आत्मनिर्भर आदर्श वार्ड बनने के अंतिम चरण पर है। इसके लिये फिनीलूप संस्था, फ्हअर, स्वयं सेवी संस्थाओं के साथ-साथ आमजन का भी सहयोग रहा है। इसी प्रकार से अन्य वार्ड भी मोटिवेट होकर इस ओर कार्य करें और अपने वार्ड को आदर्श आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य करें। स्वच्छता संवाद कार्यक्रम में फिनीलूप संस्था द्वारा वार्ड 81, 75, 134 में आदर्श आत्मनिर्भर वार्ड बनाने की दिशा में किये गये कार्य के बारे में प्रजेटेंशन दिखाया गया। इसके साथ ही स्पेशल कैंम्पेन, होम कम्पोस्टिंग, अवेयरनेंस कैंम्पेन, कैपसिटी बिल्डिंग




**स्वच्छता संवाद कार्यक्रम में शहर को स्वच्छ व सुन्दर बनाने पर हुई चर्चा**

**होम कम्पोस्टिंग, रोकों टोको नही माने तो फोटो खीचों अभियान,**

**कैपसिटी बिल्डिंग एक्टिविटी, जीवीपी रिमूवल, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सहित विभिन्न बिन्दुओं पर हुई चर्चा**

एक्टीविटीज सहित विभिन्न प्रकार के कार्य जो आदर्श आत्मनिर्भर वार्ड बनाने की दिशा की ओर किये गये है उन कार्यो को पीपीटी के माध्यम से बताया गया।

## गुप्ता ने भरतपुर शहर के सौन्दर्यीकरण का मुख्यमंत्री को सौंपा प्लान

चमकता राजस्थान

**➲ शीघ्र लागू करने का किया आग्रह**

भरतपुर (राजवीर सिंह)। समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने भरतपुर शहर के सौन्दर्यीकरण का प्लान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को सौंप कर आग्रह किया है कि बहुत कम बजट वाले इस सौन्दर्यीकरण के प्लान को शीघ्र लागू करायें जिससे देश-दुनिया के पर्यटन मानचित्र पर पहचान बनाने वाला भरतपुर शहर सुन्दर, स्वच्छ एवं विकसित नजर आ सके। शहर के सौन्दर्यीकरण के सौंपे गये प्लान में शहर के प्रत्येक स्थल पर किए जाने वाले कार्यो का उल्लेख है। जिसमें प्रमुख रूप से लोगों को धूप व वर्षा से बचाव के लिए टीन शैडों का निर्माण, स्लिप लेन बनाने, प्रमुख चौराहों का सौन्दर्यीकरण, फुटपाथों पर गमले लगाकर सौन्दर्यीकृत करने, दिशा सूचक बोर्ड लगाने, अतिक्रमण हटवाकर साफ-सफाई कराने, ऐतिहासिक इमारतो व पुरा महत्व के स्थलों पर जन सुविधायें तैयार कराने, शहर के बाजारों में खाली भूमि पर जन सुविधायें बनाने, टैम्पो व टैक्सी स्टैण्डों का स्थान निर्धारित कर टीन शैड बनाने, स्ट्रीट फूड स्थलों का चयन, शहर की समस्त बगीचियों व डिग्गीयों का जीर्णोद्धार व सौन्दर्यीकरण, शिक्षा संकुल का निर्माण कराकर सभी शिक्षा विभाग के कार्यालय एक स्थान पर बनाने, सरकूलर रोड पर पौधरोपण करा कर ट्री गार्ड लगाने, त्रैमासिक सफाई अभियान चलाने, वाहनों के पार्किग हेतु स्थान निर्धारित कर पार्किग स्थलों का विकास आदि कार्य शामिल हैं।गुप्ता ने आग्रह किया है कि भरतपुर में आने वाले देशी-विदेशी पर्यटक विभिन्न क्षेत्रों में फैले कूडे-करकट, अव्यवस्थित यातायात आदि को देखकर अपने मन में नकारात्मक सोच लेकर जाते हैं। वहीं भरतपुर को संभाग मुख्यालय का दर्ज मिले कई वर्ष बीत चुके हैं लेकिन अभी भी संभाग मुख्यालय जैसा शहर नहीं बन पाया है। उन्होंने यह भी आग्रह किया है कि यह कम लागत वाला कार्य नगर निगम व नगर विकास न्यास आसानी से कर सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### दौसा जिले में थाना मण्डावर एवं डीएसटी की कार्रवाई

- हैड कांस्टेबल की हत्या में वांछित 5 साल से फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार
- गैंगरेप के मामले में 3 महीने से फरार 5 हजार का इनामी गिरफ्तार, टॉप 10 वान्टेड में है शामिल



**चमकता राजस्थान। जयपुर/दौसा!(खलील कुरैशी) 3 जुलाई।** दौसा जिले की थाना मण्डावर एवं डीएसटी द्वारा दो अलग-अलग कार्रवाई में गैंग रेप एवं पुलिस कर्मी की हत्या के मामले में फरार चल रहे दो अभियुक्तों राजू कुमार उर्फ काजू मीणा (23) निवासी रामबास थाना बसवा एवं रामकेश मीणा पुत्र घम्मन (41) निवासी ईसरी खेड़ा थाना मण्डावर जिला दौसा को गिरफ्तार किया है।दौसा एसपी रंजीता शर्मा ने बताया कि थाना मण्डावर में पद स्थापित हैड कांस्टेबल चिरंजी लाल की साल 2013 में हुई हत्या के मामले में घटना के वक्त से फरार चल रहे स्थाई वारन्टी रामकेश मीना को एसएचओ मण्डावर रामनिवास मय टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया हैएसपी शर्मा ने बताया कि 11 अप्रैल 2024 को बसवा थाना क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की को अगवा कर गैंगरेप का मामला थाना बसवा में दर्ज हुआ था। मामले में घटना के वक्त से फरार चल रहे 5 हजार के इनामी एवं टॉप 10 वांछित में शुमार आरोपी राजू कुमार उर्फ काजू मीणा को डीएसटी प्रभारी चंद्रशेखर शर्मा एवं उनकी टीम ने जयपुर से डिटेन करने में सफलता हासिल की है।

### शादी का झांसा देकर ठगी करने वाली नावा जिला नागौर की साठ्या गैंग की लुटेरी दुल्हन गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान/जयपुर (खलील कुरैशी)।** कोटखावदा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शादी का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी करने वाली नावा जिला नागौर की साठया गैंग की एक लुटेरी दुल्हन को गिरफ्तार किया है। फिलहाल पुलिस आरोपी लुटेरी दुल्हन से पूछताछ करने में जुटी है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि कोटखावदा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शादी का झांसा देकर पच्चीस लाख रुपये की ठगी करने वाली नावा जिला नागौर की साठया गैंग की लुटेरी दुल्हन फुला देवी (38) निवासी फुलेरा जयपुर ग्रामीण को गिरफ्तार किया है। जिससे पूछताछ में सामने आया है कि उसने और अपनी मौसेरी बहन सुनिता निवासी रेनवाल जिला जयपुर ने साठया गैंग से मिलकर कोटखावदा निवासी पीडित बुधाराम स्वामी के दो बेटो की शादी का झांसा देकर कई रस्मों का रूप में अलग-अलग बार में पच्चीस लाख रुपये की ठगी वारदात को अंजाम देना कबूला है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदाते खुलने की आशंका जताई जा रही है। थानाधिकारी कोटखावदा अब्दुल वहीद ने बताया कि इस संबंध में 19 सितम्बर 2022 को पीडित ने मामल दर्ज करवाया था कि उसके बेटों की शांदी का झांसा देकर साठया के सदस्य रेवत लूहारिया, रूकमादेवी, मैनादेवी, बबलू, रतन जाट, सुमन उर्फ फुलादेवी और सुनीता ने अलग-अलग बार में शादी की रस्म अदायगी और अलग-अलग बातों में झांसा देकर पच्चीस लाख रूपये की ठगी कर ली। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई। जिसके चलते इस मामले मे पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक लुटेरी दुल्हन को गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस द्वारा अन्य आरोपियों के बारे में पूछताछ कर उनके संभावित ठिकानों पर दबिश जा रही है।



और तैरती दिखी गाड़ियां, घरों-दुकानों में घुसा पानी

# पहली मूसलाधार बरसात से खुली प्रशासन की कलई, 'जयपुर हुआ जाम' !

## राजधानी में लगभग एक घंटे की झमाझम के बाद सड़कें बनी तालाब

चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** प्रदेश में मानसूनी बारिश का दौर अब परवान चढ़ने लगा है। राजधानी में सुबह से ही तेज गर्मी और उमस देखने को मिल रही थी, इसके बाद बुधवार देर शाम को राजधानी जयपुर में झमाझम बारिश हुई। बारिश होने के साथ ही तेज गर्मी और उमस से भी राहत मिली। लेकिन, झमाझम बारिश से जयपुर की सड़कें भी पानी से लबालब हो गईं। शहर में जगह-जगह पर सड़कों पर पानी भरने से लोगों को आवाजाही में भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जयपुर मौसम केंद्र के मुताबिक पिछले 24 घंटों में राज्य के दक्षिणी भागों में कुछ स्थानों पर मेघगर्जन के साथ मध्यम से भारी वर्षा और कहीं-कहीं भारी से अतिभारी वर्षा दर्ज की गई है। राज्य के उत्तरी-पूर्वी भागों में कुछ स्थानों पर मेघ गर्जन के साथ हल्के से मध्यम वर्षा दर्ज की गई है, पूर्वी राजस्थान में सर्वाधिक बारिश डूंगरपुर धंबोला में 132 एमएम और पश्चिमी राजस्थान के श्रीगंगानगर में 17 एमएम बारिश दर्ज की गई है। जयपुर में झमाझम बारिश होने से सड़कें जलमग्न हो गई। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के 28 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। अजमेर, अलवर, बांसवाड़ा, बारां, भरतपुर, भीलवाड़ा, बूंदी, चित्तौड़गढ़, दौसा, डूंगरपुर, जयपुर, झालावाड़, झुंझुनू, करौली, कोटा, प्रतापगढ़, राजसमंद, सवाई माधोपुर, सीकर, सिरोही, टोंक, उदयपुर, बाड़मेर, बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़, नागौर, श्रीगंगानगर जिले में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही मेघ गर्जन, वज्रपात और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है।



- **नगर निगम के दावों की खुली पोल, राजधानी में ड्रेनेज सिस्टम हुआ फेल**

नगर निगम प्रशासन की ओर से शहर के नालों की सफाई और ड्रेनेज सिस्टम को लेकर किए गए दावों की पोल खुलती हुई नजर आ रही है। जयपुर में सड़कों पर जगह-जगह पानी भर गया, जिससे वाहन चालकों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई जगह पर नालियों का पानी भी उफन कर सड़कों पर बहता हुआ नजर आया। बारिश होने से चांदपोल बाजार में दुकानों के अंदर तक पानी चला गया, जिससे सभी व्यापारियों को नुकसान हुआ है। व्यापारियों का कहना है कि अगर इसी तरह बारिश दो-तीन घंटे और आ जाए तो किसी व्यापारी का कोई सामान नहीं बचेगा। लोगों ने नगर निगम और स्मार्ट सिटी से अपील की है कि जल्द से जल्द इस समस्या का निवारण करें।

आगामी दिनों में कई जिलों में होगी बारिश, अलर्ट जारी पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने की संभावना है। आगामी दो-तीन दिन जयपुर, भरतपुर, कोटा और उदयपुर संभाग के कुछ भागों में मेघगर्जन के साथ मध्यम से कहीं-कहीं तेज बारिश होने की संभावना है। इस दौरान जयपुर, भरतपुर और कोटा संभाग में एक दो स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी राजस्थान के बीकानेर संभाग में आगामी 48 घंटों के दौरान कुछ भागों में मेघगर्जन और तेज हवाओं के साथ हल्के से मध्यम बारिश होने की प्रबल संभावना है।

# जयपुर ज्वैलर्स एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित हो रहा अंतरराष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम जेएएस 2024

- **पांच जुलाई से जयपुर में जड़ाऊ गहनों और रंगीन रत्नों का भव्य संसार सजेगा**
- **इस बार 275 बूथ पर रंगीन रत्न और खूबसूरत रत्न आभूषणों का होगा मनोरम दृश्य**



चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** ज्वैलर्स एसोसिएशन जयपुर की और से पांच से सात जुलाई तक सीतापुरा के जेईसीसी में जेएएस-2024 में जयपुर के जड़ाऊ गहनों और रंगीन रानों का भव्य संसार सजने जा रहा है। जिसके चलते बुधवार को ज्वैलर्स एसोसिएशन जयपुर के पदाधिकारियों ने एक पोस्टर विमोचन किया। जेएएस-2024 देश के सबसे बड़े वीथी (विजनेस टू विजनेस) शो में से एक है। यह ग्लोवल ज्वैलरी ट्रेड में जेएएस 2024 अंतर्राष्ट्रीय स्तर का शीर्ष प्लेटफॉर्म है। जहां जयपुर के ज्वैलर्स और रत्न व्यवसायी अपनी ज्वैलरी के साथ प्रेसियस और सेमी प्रेसियस कलर स्टोन का प्रदर्शन करने चाले हैं। ज्वैलर्स एसोसिएशन जयपुर के उपाध्यक्ष एवं सह-संयोजक जेएएस (जस) राजू मंगोड़ी वाला ने बताया कि यह शो अपनी भव्यता का नया कीर्तिमान रचने वाला है। इस बार यह शो चालीस प्रतिशत ज्यादा विस्तृत और विशाल होगा। इसमें इस बार 275 बूथ पर रंगीन रन और खूबसूरत रत्न आभूषणों का नायाब नजारा होगा। इसमें 161 बूथ जेमस्टोन और 114 वृध ज्वेलरी के होंगे। जस- 2024 में जयपुर के सभी प्रतिष्ठित ज्वैलर और रत्न व्यवसायी अपने बूथ लगा रहे हैं साथ ही दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, कोलकाता, मेरठ जैसे शहरों से भी 14 से ज्यादा एजीबिटर्स भी इसमें भाग ले रहे हैं। शो भाग लेने के लिए दुनियाभर के 15 सौ से ज्यादा ट्रेड वायर्स ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। संयोजक (जस) अशोक माहेश्वरी ने बताया कि जस-2024 में इस चार जयपुर को कुंदन मौना पोलकी की जड़ाऊ ज्वेलरी का भव्य प्रदर्शन होगा। कुंदन मीना पोलकी के जड़ाऊ आभूषण जयपुर की पहचान हैं और विध भर में करोड़ों लोग जयपुर को कदन- मीना- पोलकी आभूषणों के के दीवाने हैं। इस बार जयपुर के ज्वैलर्स ने औ-2024 प्रदर्शित किया जाएंगे। सिल्वर ज्वैलरी और ऑनमिंट भी देश विदेश के ट्रेड बायर्स को आकर्षित करेंगे। जस-2024 इस बार अपने एग्जीबिटर्स के साथ ट्रेड बायर्स के समक्ष जयपुर की ऐतिहासिक मेहमाननवाजी की नई मिसाल पेश करेगा । हमारे सम्मानित ट्रेड बायर एग्जीबिशन परिसर में विशाल बूब पर शानदार ट्रेडिंग और नेटवर्किंग एक्सपीरियंस कर सकेंगे। इसके साथ यहां जेएएस रॉयल लाउंज भी बनाया जाएगा। जिसमें ट्रेड बायर्स को लग्जरी और कम्फर्ट का विशेष ध्यान रखा गया है। यहां ते, कॉफी, जूस और स्नैक्स के साथ विजनेस मीटिंग की जा सकती हैं। शी के दौरान 5,6,7 जुलाई को लंच में राजस्थानी व्यंजनों के साथ पंजाबी और कॉन्टिनेंटल फूड के खास इंतजाम किए गए हैं, ताकि यहां आने वाले दुनिया भर के बायर जयपुर के स्वाद और मेहमाननवाजी का हमेशा याद रखें।इसके अलावा जेएएस में सुख्क्षा की के लिए कुंदन मौना पोलकी जड़ाऊ ज्वेलरी के लिए मॉडर्न डिजाइन और लेटेस्ट पैटर्न तैयार किए हैं जिनका इस शी में प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा डायमंड और जेम स्तेन ज्वैलरी के अव तक के सबसे शानदार डिजाइन इस शो में में प्रतुत किए जाएंगे। शो में स्वर्णाभूषण की विस्तृत रेंज और डिजाइन चाक चौबंद व्यवस्था की गई है। पूरा शो परिसर 24 घंटे श्री लेयर सुरक्षा घेरे में रहेगा। ज्वैलर्स एसोसिएशन जयपुर अध्यक्ष आलोक सौर्खिया ने बताया कि जस 2024 का उद्घाटन पांच जुलाई को सुबह ग्यारह बजे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कर सकते हैं। इसमें उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, डॉ प्रेमचंद बैरवा, उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ सहकारिता मंत्री गौतम दक, पीएचईडी मंत्री कन्हैया लाल चौधौ, जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत, सांसद मंजू शर्मा सांसद दामोदर दास अग्रवाल, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष खैपी जोशी, विधायक गोपाल शर्मा, मुख्य सचिव सुर्धाश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव आलोक गुप्ता, मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता, आयकर आयुक्त रोली अग्रवाल भी शो की शोभा बढ़ाएंगे।

आयोजित किये विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रम

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा कार्यकर्ताओं ने प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती के जन्मदिन को हर्षोल्लास से मनाया







चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हमीद खान मेवाती के जन्मदिन के पावन अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास और बड़े धुमधाम से मनाया भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष हमीद खान मेवाती का जन्मदिन 3 जुलाई के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं उनके मित्रो सहयोगियों द्वारा भाजपा प्रदेश कार्यालय पर केक काटकर और माल्यार्पण कर साफ़ा बंधवाकर मिठाई बांट कर गर्मजोशी से जन्मदिवस की बधाई और शुभकामनाएं देकर मनाया गया।इस जन्मदिन के अवसर पर सभी उपस्थित लोगो ने प्रदेश अध्यक्ष हमीद खान मेवाती उनके जन्मदिन की बधाई एव शुभामनाओ के साथ साथ उत्तरोत्तर प्रगति,उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु, तथा उनके उज्जवल राजनीतिक भविष्य की मुबारकबाद पेश करी इस दौरान भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा कार्यकर्ताओं ने वृक्षारोपण, अस्पतालों में फल वितरण, पशुओं (गायों) को हरा चारा खिलाकर एवं पक्षियों को दाना पानी की समुचित व्यवस्था कर अनेक जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित कर अपने लाड़ले और लोकप्रिय प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती को हृदय तल से जन्मदिवस की शुभकामनाएं प्रेषित करी इस दौरान भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने सुबह से ही व्यक्तिगत, फोन और विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के ज़रिए हमीद खान मेवाती को जन्मदिन की मंगलकामनाएं दी

- **जन्मदिवस अभिनंदन समारोह के तहत आयोजित कार्यक्रम एवं समय**

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती के जन्मदिन पर आयोजित होने वाले इस प्रकार रहें सुबह के 6 बजेः दरगाह जियारत, अजमेर शरीफ,प्रात : 10:00 बजेः-गौ सेवा, दुर्गापुरा गौशाला जयपुर ,प्रात : 11:00 बजे वृक्षारोपण घाटगेट, प्रात : 11:30 बजेः- से 2:30 बजे तक भाजपा प्रदेश कार्यालय जयपुर ,सांय 7:00 बजे से रात 10:00 बजे तक जन्मोत्सव कार्यक्रम, आमेर

- **जन्मदिवस अभिनंदन समारोह ये गणमान्यजन रहे मौजूद**

इस अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के वरिष्ठ नेता हुसैन खान,एम सादीक खान पठान, मुनव्वर खान, जावेद कुरैशी,जीवण खान, इरशाद हसनपुरा कुरैशी,आसीफ खान, जंग बहादुर पठान, जावेद कागज़ी, मेहबूब कुरैशी,तसलीम बानों,नुजफ बानों,अबूजर खान मासूक खान, आशीष जयसवाल, रवि अंबिका, दीपक मो. सलीम, कैलाश अज्जू चौधरी, अमन टिंकू, विभूति, तय्यब खान, सुहेल खान, साहिल खान, सहित अनेक कार्यकर्ता एवं खलील कुरैशी वरिष्ठ पत्रकार एवं संपादक दैनिक चमकता राजस्थान समाचार पत्र, मीडियाबंधु, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि वरिष्ठ नागरिकगण उपाथित रहे।

### जेडीए ने मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन अधिकारी महेंद्र कुमार शर्मा के प्रभावीनिर्देशन में दिया उचित कार्रवाई को अंजाम

# ग्यारह बीघा भूमि पर तीन अवैध कॉलोनियों को पूर्णत: किया ध्वस्त

चमकता राजस्थान

**जयपुर!(खलील कुरैशी) 03 जुलाई।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-12 में निजी खातेदारी की करीब 11 बीघा कृषि भूमि पर 03 नवीन अवैध कॉलोनियां को पूर्णतः ध्वस्त किया गया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित बेनाड़ रोड़ झोटवाड़ा ग्राम बोयतावाला, जिला जयपुर में करीब 04 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को







समतल कर ''प्रेम नगर'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रैवल सड़कें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।उन्होंने बताया कि जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम खोराबिसल से जयरामपुरा रोड़ गैस लाईन के पास जिला जयपुर में करीब 03 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''ओम वाटिका-25'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर फार्महाऊस योजना हेतू रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें, बाउण्ड्रीवाल् व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी इसी प्रकार जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम खोरा दौलतपुरा रोड़, पैंथर स्टेडियम के पास जिला जयपुर में करीब 04 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। उक्त कार्यवाहियां प्रवर्तन अधिकारी जोन-12, 13 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

## एक नजर

### सूफी संत और सामाजिक समरसता के प्रतिक सैयद बाबा बावड़ी वाले का दो दिवसीय वार्षिक उर्स 4 जुलाई से शुरू

- जायरीन पेश करेंगे अकीदत की चादर,
- मशहूर कव्वालों द्वारा आयोजित होगी महफ़लि ए शंमा कव्वाली



**चमकता राजस्थान। मनोहरपुर (खलील कुरैशी)।** जयपुर ग्रामीण की नगरपालिका मनोहरपुर में विराजमान महान सूफी संत और सामाजिक समरसता के प्रतिक बावड़ी वाले सैयद बाबा का दो दिवसीय सालाना उर्स मुबारक 4 जुलाई बरोज जुमेरात को शुरू होकर 5 जुलाई शुक्रवार को कूल की रस्म के साथ में विधिवत संपन्न होगा इस बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए सैयद बाबा बावड़ी वाले के खिदमतगार मुमताज़ बाबा, सलीम उर्फ छीतर बाबा व फ़ज्जू शाह ने संयुक्त रूप से बताया कि 4 जुलाई गुरुवार को सुबह दरगाह में झंडा फहराया जाएगा इसी के साथ में जयपुर जिले और आस-पास के क्षेत्रों, स्थानीय अकीदतमंद जायरीनों का आना प्रारंभ हो जाएगा ! दोपहर 2:00 बजे बाद में मोहल्ला सारवान से दरगाह तक चद्दर का जुलूस बैंड बाजा के साथ में निकलेगा इस दौरान हमारी गंगा जमुनी तहजीब का शानदार नजारा देखने को मिलेगा गौरतलब है हिंदू -मुस्लिम सभी लोग चद्दर जुलूस का पुष्प वर्षा के साथ इस्तकबाल करेंगे रात्रि 10 बजे बाद में राजस्थान की प्रसिद्ध कव्वाल पार्टी द्वारा बेहतरीन कव्वाली कार्यक्रम पेश किया जाएगा इसके साथ ही प्रकार 5 जुलाई शुक्रवार को जायरीनों समेत सर्व साधारण के लिए लंगर वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा जिसमें अकीदतमंद बड़े श्रद्धा के साथ पंगत प्रसादी का ज़ायका लेंगे इसके बाद में अंत में दुरुद फातिया एवं तयशुदा कार्यक्रमों के आयोजनों के बाद कुल की रस्म के साथ में उर्स का समापन होगा।

### मां की हत्या कर फरार हुआ बेटा

**मुर्शिदाबाद।** संपत्ति विवाद को लेकर वृद्ध मां की हत्या करने का आरोप बेटे पर लगा है। घटना बुधवार दोपहर मुर्शिदाबाद जिला अंतर्गत कांदी थाना चेकपोस्ट गांव की है। मृत वृद्धा का नाम आदरी मंडल (62) बताया गया है जबकि आरोपित बेटे का नाम असीम मंडल है। इस घटना से इलाके में तनाव का माहौल है। घटना के बाद से आरोपित फरार है। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, कई दिनों से आरोपित संपत्ति अपने नाम पर लिखने के लिए मां पर दबाव बना रहा था और जान से मारने की धमकी दे रहा था। संपत्ति लिखने के लिए उनकी मां राजी नहीं थी। बुधवार इसी को लेकर फिर से विवाद हुआ जिसके दौरान असीम ने हंसुए से वृद्धा पर हमला कर दिया। उनकी चीख सुनकर पड़ोसी दौड़े आए और पुलिस को घटना की सूचना दी। इस बीच आरोपित फरार हो गया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस घटना की जांच में जुट गई है। मृतका के एक पड़ोसी ने बताया कि आज दोपहर चीख सुनकर मैं गया तो देखा कि असीम की मां रक्तरंजित हालत में पड़ी हुई हैं। आसपड़ोस के लोगों ने घटना के बारे में बताया।

### समुद्र में नाव पलटी, छह मछुआरे लापता



**कोलकाता।** समुद्र में मछली पकड़ने गए मछुआरों की नाव डूब गई। घटना बुधवार सुबह पूर्व मेदिनीपुर के सौला इलाके की है। इस घटना में छह मछुआरे लापता हैं। सूत्रों के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से निम्न दबाव के कारण समुद्र में उथल-पुथल मची हुई है। मछुआरों के चार जुलाई तक समुद्र में जाने पर रोक लगा दी गई है। इसे नजरअंदाज कर बुधवार सुबह कुछ मछुआरे समुद्र में मछली पकड़ने के लिए गए। खराब मौसम के कारण नाव पलट गई। नाव में छह मछुआरे सवार थे सभी डूब गये। घटना के बारे में कोस्टल थाने की पुलिस को सूचित किया गया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। गोताखोरों को बुलाया गया है।

# प्रशासन व पार्टी में बदलाव कर सकती हैं ममता

**लोकसभा चुनाव में तृणमूल ने कुछ सीटें जीती हैं, लेकिन वे इसके तहत आने वाली सभी विधानसभा सीटों पर निश्चिंत नहीं रह सकते**



संवाददाता

**कोलकाता।** चुनाव नतीजों के आधार पर तृणमूल कांग्रेस इस महीने 'शहीद दिवस' कार्यक्रम पूरा करने के बाद पार्टी और प्रशासन में कुछ बदलाव कर सकती है। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए यह बदलाव जरूरी माना जा रहा है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, ममता बनर्जी अभिषेक बनर्जी से आलोचना के बाद अगस्त तक इस बदलाव पर अंतिम फैसला ले सकती हैं। उस आधार पर पंचायतों, नगर पालिकाओं और राज्य मंत्रिमंडलों में भी रद्दबदल किया जा सकता है। न जवान न प्रबिण। तृणमूल नेत्री इस बार पार्टी और स्थानीय प्रशासन में 'कामकाजी लोगों' का चयन करने जा रही हैं। चुनाव के लिहाज से राज्य में बड़ी सफलता के बावजूद पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने पहले ही कुछ जगहों पर संगठनात्मक कमियों की पहचान कर ली है। हालाँकि शहरी क्षेत्रों में वोटों में आम तौर पर गिरावट आई है, राज्य के बाकी हिस्सों के कई हिस्सों में लोकप्रिय समर्थन की 'सहजता' को देखते हुए, वे बहुत आश्वस्त नहीं हैं। इसलिए विधानसभा चुनाव से पहले इन जिलों और क्षेत्रों के संगठनात्मक नेतृत्व में नए चेहरों को लाने के लिए पार्टी के शीर्ष स्तर पर चर्चा चल रही है। पार्टी के एक प्रदेश नेता के शब्दों में, "शहरी इलाकों में वोट कम हुए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में नहीं तो भी सांगठनिक कमजोरी तो है ही। हालांकि कुछ सरकारी योजनाओं के लाभ और कुछ तात्कालिक उपायों से वोटों के नुकसान से बचा जा सकता है, लेकिन संगठनात्मक मरम्मत की जरूरत है।" इस रद्दबदल में उत्तर बंगाल पर तृणमूल की अलग नजर है। कूचबिहार लोकसभा सीट जीतकर जहां पार्टी को कुछ राहत मिली, वहीं बाकी सीटों पर कुल मिलाकर कोई खास प्रगति नहीं हुई। इसलिए उन सभी क्षेत्रों में संगठन की समीक्षा कर रद्दबदल की बात को अंतिम रूप दिया जा रहा है। स्थानीय स्तर पर नेतृत्व परिवर्तन के अलावा इस बात पर भी विचार किया गया है कि राज्य की ओर से किस तरह की 'निगरानी' रखी जा सकती है। पार्टी के एक सूत्र ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में तृणमूल ने कुछ सीटें जीती हैं, लेकिन वे इसके तहत आने वाली सभी विधानसभा सीटों पर निश्चिंत नहीं रह सकते। फिर, दक्षिण बंगाल में ऐसे लोकसभा क्षेत्र हैं, जहां भले ही पार्टी हार जाए, लेकिन उन्हें अपने से संबंधित विधानसभा क्षेत्रों की उचित देखभाल करने की आवश्यकता महसूस होती है। उन्हें लगता है कि यह विधानसभा चुनाव से बेहतर नतीजे दे सकता है। पंचायत चुनाव के बाद से ही तृणमूल कार्य मूल्यांकन का नारा बुलंद कर रही थी। पंचायत की कमान संभालने के छह महीने बाद ही तृणमूल ने अपना मूल्यांकन भी शुरू कर दिया। खास तौर पर प्रमुखों, प्रधानों और जिला परिषद अध्यक्षों और अधिकारियों के स्तर पर होने वाला मूल्यांकन भी इस रद्दबदल में अहम आधार हो सकता है। टीम के भीतर काम के संदर्भ में जिम्मेदारियां बदलने का भी चलन है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, तृणमूल का राज्य नेतृत्व फिलहाल चार विधानसभा उपचुनाव और 21 जुलाई की रैली के आयोजन में व्यस्त है। संगठनात्मक स्तर पर तैयारियों को देखने के लिए पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुब्रत बख्शी पहले से ही जिले का दौरा कर रहे हैं। इस कार्यक्रम के बाद ममता इस समग्र बदलाव में अपना हाथ बंटा सकती हैं।

### उड्डयन मंत्री से मिल पप्पू ने कहा
## किसानों को चार गुना मुआवजा देकर एयरपोर्ट बनाया जाए





एजेंसी

**पूर्णिया।** पूर्णिया में एयरपोर्ट निर्माण को लेकर पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव केंद्रीय उड्डयन मंत्री तथा केंद्रीय उड्डयन राज्य मंत्री से मिले। उन्होंने पूर्णिया एयरपोर्ट को लेकर अपना आवेदन उन्हें सौंपा एवं पूर्णिया में एयरपोर्ट निर्माण को लेकर विशेष चर्चा की। सांसद ने उन्हें पत्र के माध्यम से संसूचित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने पूर्णिया में एयरपोर्ट के निर्माण और संचालन की घोषणा की थी लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई कार्य नहीं हो सका है। एयरपोर्ट के निर्माण हेतु पूर्णिया की जनता को केंद्र की सरकार से काफी उम्मीदें हैं। इसलिए इस दिशा में यथाशीघ्र कार्यवाई शुरू की जाए। ये मेरा विनम्र आग्रह है। इससे पूर्व सांसद पप्पू यादव जी ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल जी से भी मुलाकात की और उन्हें भी पत्र सौंप कर पूर्णिया की जनता की मांग से अवगत कराया। सांसद पप्पू यादव ने आग्रह किया है कि जिन किसानों की जमीन वहां पर अधिग्रहण की जानी है ।उसका कम से कम सर्कल रेट से चार गुना ज्यादा कीमत किसानों को दी जाए जिससे स्थानीय किसान को राहत मिले एवं वह विकास में अपना सहयोग कर सके।

### पटना जंक्शन से पहले कोसी एक्सप्रेस की कपलिंग टूटी, कई ट्रेनों का आवागमन प्रभावित





एजेंसी

**पटना।** बिहार के पूर्णिया से हटिया जा रही कोसी एक्सप्रेस बुधवार को हादसे का शिकार होने से बच गयी। पटना जंक्शन पर पहुंचने के ठीक पहले कोसी एक्सप्रेस की कपलिंग टूट गयी और इसके जोरदार आवास से ट्रेन में सवार यात्री सहम गये। कोसी एक्सप्रेस पटना के राजेंद्र नगर टर्मिनल से सुबह 10:26 बजे खुली थी। ट्रेन धीमी गति से पटना जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या 10 की ओर बढ़ रही थी। अधिकांश कोचों में यात्री अपनी जगह से उठ चुके थे और कोचों के दरवाजे की ओर बढ़ चुके थे। ट्रेन प्लेटफार्म संख्या 10 के आउटर पर जैसे ही पहुंची वहां तेज आवाज के साथ रुक गई। ट्रेन की गति धीमी होने के कारण एक बड़ा रेल हादसा टल गया। बाद में करीब डेढ़ घंटे तक ट्रेन को आउटर पर रखा गया। कपलिंग टूटने की खबर सुनकर रेलवे के तकनीकी टीम ने वहां पहुंचकर कपलिंग को जोड़ा। इसके बाद ट्रेन को पटना जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या 10 पर ले जाया गया। दोपहर एक बजे तक ट्रेन पटना जंक्शन पर ही खड़ी रही। इस बीच कई ट्रेनों का आवागमन प्रभावित हुआ। श्रमजीवी एक्सप्रेस, सहरसा राज्यरानी एक्सप्रेस, न्यू जलपाईगुड़ी, वंदे भारत एक्सप्रेस जैसी कई ट्रेनों को पटना पहुंचने में देरी हुई। साथ ही पटना जंक्शन से खुलने वाली कई ट्रेनें भी निर्धारित समय से विलंब से खुलीं।

### पैलान कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी ने सामुदायिक विकास के लिए पाठ्यक्रम शुरू किए



संवाददाता

**कोलकाता।** पैलन कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी ने उद्योग के बीच की खाई को पाटने और समाज की बेहतरी के लिए विभिन्न उद्योगों को कौशल प्रदान करने के लिए पैलन कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी के परिसर में ग्यारह कौशल विकास प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम शुरू किए हैं। उन्होंने डिजिटल मार्केटिंग, कंप्यूटर एप्लीकेशन, इलेक्ट्रिकल, सॉफ्ट स्किल्स और पर्सनालिटी डेवलपमेंट, रोबोटिक्स, काउंसलिंग और रोगी प्रबंधन, सॉफ्ट और आरजीपी कॉन्टैक्ट लेंस, कंस्ट्रक्शन, वेब पेज डेवलपमेंट, होटल और हॉस्पिटैलिटी, ड्रोन और सोशल मीडिया कम्युनिकेशन्स और क्रूज मैनेजमेंट पर कौशल विकास पाठ्यक्रम शुरू किए हैं। कार्यक्रम में पूर्व भारतीय क्रिकेटर संदीप पटेल ने स्वयं और समुदाय के विकास के लिए उपयुक्त कौशल विकसित करने के लिए जीवन के सभी पहलुओं में प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। सी.के.बिरला अस्पताल के वरिष्ठ आर्थोपेडिक और ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. सी.एस.धर ने कहा कि परामर्श और रोगी प्रबंधन पर पाठ्यक्रम पूरी तरह से अलग सोच है जो डॉक्टरों और अस्पताल को इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में मदद करेगा। सी.के.बिरला अस्पताल के जनरल सर्जन डॉ. पी.के. नेमानी ने कहा कि कौशल विकास पाठ्यक्रम समाज के सभी वर्गों के लोगों के लिए है, जो उन्हें कौशल विकसित करने में मदद करेगा जो उन्हें और उद्योगों को उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए सही कौशल प्राप्त करने में मदद करेगा।

# मनोहरपुर पुलिस थाने द्वारा चोरी का खुलासे पर करने पर दुकानदारों एवं व्यापारियों ने किया पुलिस का भव्य सम्मान

### जन सम्मान से बढ़ता है पुलिस का आत्मविश्वास एवं उत्साह के साथ होती है हौसला अफजाई : उमेश निठारवाल

चमकता राजस्थान

**मनोहरपुर।** जयपुर ग्रामीण के मनोहरपुर कस्बे में विगत दिनों हुई हुई चोरियों पर संज्ञान लेते हुए शाहपुरा वृताधिकारी उमेश निठारवाल एवं मनोहरपुर पुलिस थाने ने थानाधिकारी राजेंद्र कुमार के संयुक्त सकारात्मक प्रयासों तथा कुशल नेतृत्व और उचित पुलिस प्रबंधन,अनुभव से चोरियों का शीघ्र खुलासा करने में सफलता प्राप्त की इससे उत्साहित मनोहरपुर के दुकानदारों और व्यापारियों ने मनोहरपुर थाना पुलिस परिसर में मनोहरपुर पुलिस कर्मियों का जोरदार सम्मान एवं अभिनन्दन कर आभार प्रकट किया। इस मौके पर व्यापारियों के समूह ने डीवाईएसपी उमेश निठारवाल, थानाधिकारी राजेंद्र कुमार, एएसआई कश्मीर सिंह, हैड कांस्टेबल सुरेंद्र सिंह, लीलाधर, रामकरण, कांस्टेबल दारासिंह सहित अन्य का माल्यार्पण कर साफा एवं माला पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर मुंह मिठा करवाया । इस दौरान पर शाहपुरा पुलिस वृताधिकारी उमेश निठारवाल ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त कर कहा कि जनसम्मान से पुलिस कर्मियों के हौसले बुलंद होते हैं तथा उनके कार्य सेवा में बढ़ोतरी होती है। तथा पुलिस दुगने आत्मविश्वास एवं उत्साह से सकारात्मक कार्य कर पुलिस जनसेवा को अंजाम देती हैं।



### प्लास्टिक फ्री डे के अवसर पर आईएमए सहित कई संस्थाओं ने निकाली जागरूकता रैली



एजेंसी

**पूर्णिया।** प्लास्टिक फ्री डे 3 जुलाई को पूरे दुनिया में मनाई जाती है। इस खास दिवस पर पर्यावरण को बचाने के लिए प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने को लेकर लोग एक दूसरे को जागरुक करते हैं। इसी खास दिवस पर पूर्णिया में कई संस्थाओं ने मिलकर 2 किलोमीटर की पैदल जागरूकता यात्रा की। यह पैदल जागरूकता यात्रा पूर्णिया के लाइन बाजार स्थित जेएमसीएच कैंपस से निकालकर रेणु उद्यान, पंचमुखी मंदिर, फोर्ड कंपनी ,आस्था मंदिर ,टैक्सी स्टैंड होते हुए आर एनसाव चौक पर पहुंची । इस जागरूकता यात्रा के दौरान लोगों को लगातार संदेश दिया जा रहा था कि हम प्लास्टिक का उपयोग नहीं करें सभी के हाथों में तख्तियां थी। समाज के प्रबुद्ध लोग इस इस जागरूकता यात्रा में शामिल हुए। लोग लाउडस्पीकर पर प्लास्टिक से होने वाले नुकसान बीमारी स्वास्थ्य पर असर पर्यावरण पर इसके दुष्प्रभाव की लगातार जानकारी दे रहे थे। इस खास मौके पर रोटरी क्लब तथा अन्य कई डॉक्टर एवं संस्थाओं द्वारा प्लास्टिक रहित जुट और सूती कपड़े के झोले लोगों को बांटे गए। कार्यक्रम में आईएमए, भाषा,यूथ हॉस्टल का आम्रपाली ग्रुप,वीरांगना ग्रुप, ग्रीन पूर्णिया,प्रेस क्लब पूर्णिया, श्री राम सेवा संघ,साइकिलिंग एसोसिएशन ,चैंबर ऑफ कॉमर्स, लायंस क्लब,रोटरी क्लब,विश्व हिंदू परिषद, मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी सहित कई अन्य संस्थाओं के अधिकारी तथा सदस्य शामिल हुए।

## एक नजर

### मानसून की बारिश से उत्तराखंड में तबाही



**देहरादून।** मानसून की बारिश शुरूआत में ही उत्तराखंड में तबाही मचा रही है। रुद्रप्रयाग में बुधवार को बादल फटा। रुमसी देवीदार तोक में बादल फटने से स्कूल का रास्ता और कुछ खेतों में मलबा आ गया। यहां तक कि पैदल मार्ग भी बह गया। रुद्रप्रयाग जिले के ऊखीमठ ब्लाक अंतर्गत सीमांत गांव रुमसी के प्रधान रुमसी ने आपदा कंट्रोल रूम को घटना की सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती, मुख्य कृषि अधिकारी लोकेंद्र सिंह बिष्ट, खंड विकास अधिकारी अगस्त्यमुनि प्रवीन भट्ट एवं जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार तथा राजस्व उप निरीक्षक घटना स्थल के लिए रवाना हुए।

### लखनऊ में युवती पर फेंका ज्वलनशील पदार्थ, बचाने में भाई झुलसा

**लखनऊ।** चौक थाना क्षेत्र में बुधवार को भाई के साथ कहीं जाने के लिए वाहन का इंतजार के लिए एक युवती लोहिया पार्क के पास खड़ी थी। इसी दौरान एक अज्ञात युवक आया और उसने उस पर ज्वलनशील पदार्थ फेंक दिया। बहन को बचाने चक्कर में भाई भी झुलस गया। दोनों युवकों को केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डीसीपी पश्चिम दुर्गेश कुमार ने बताया कि युवती सहादतगंज में रहने वाले चौक व्यापार मंडल के एक पदाधिकारी की एक बेटी है। बुधवार की सुबह करीब आठ बजे वह किसी काम के सिलसिले में भाई के साथ चौक क्षेत्र के पास खड़ी थी। इसी दौरान आये एक अज्ञात युवक ने उस पर ज्वलनशील पदार्थ फेंक दिया। बहन को बचाने के चक्कर में भाई भी झुलस गया।

### अमेरिका में भारतीय अमेरिकी डॉक्टर पर स्वास्थ्य सेवा में धोखाधड़ी का आरोप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के शिकागो में 51 वर्षीय एक भारतीय मूल की अमेरिकी चिकित्सक पर स्वास्थ्य सेवा में धोखाधड़ी करने का आरोप लगा है। महिला चिकित्सक पर गैर-मौजूद सेवाओं के इलाज करने और और निजी बीमा कंपनियों को बिल भेजकर संघीय स्वास्थ्य सेवा धोखाधड़ी का अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। मोना घोष प्रसूति एवं स्त्री रोग सेवाओं में विशेषज्ञता रखने वाले 'प्रोग्रेसिव वूमेन हेल्थकेयर' की मालिक और संचालक हैं। उन्होंने स्वास्थ्य देखभाल धोखाधड़ी के दो मामलों में अपना दोष स्वीकार किया है। प्रत्येक मामले में संघीय जेल में दस साल तक की सजा हो सकती है। अमेरिकी जिला न्यायाधीश फ्रैंकलिन यू वाल्डेरामा ने सजा सुनाने के लिए 22 अक्टूबर की तारीख तय की है।

### छत्तीसगढ़ से 12 किलो गांजा लेकर आये तस्कर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**चित्रकूट।** अपराधियों पर लगाम कसने को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान को बड़ी सफलता मिली है। सदर थाना कोतवाली पुलिस ने रेलवे स्टेशन और ओवरब्रिज के बीच रेलवे लाइन के पास से एक अंतरराज्यीय गांजा तस्कर को 12 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। क्षेत्राधिकारी नगर रामकमल ने बताया कि अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में मादक पदार्थों एवं बिक्री की रोकथाम के लिए जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

### नाबालिग की दुष्कर्म के बाद हत्या मामले में आरोपितों को मृत्यु दंड की मांग

**हरिद्वार।** उत्तराखंड क्रांति दल (उक्रांद) ने सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से राज्यपाल को एक ज्ञापन प्रेषित किया है। ज्ञापन में उक्रांद ने बहदराबाद में नाबालिग किशोरी की दुष्कर्म के बाद हत्या मामले में आरोपितों को शीघ्र मृत्यु दंड एवं 10 लाख का मुआवजा प्रदेश सरकार व इतना ही आरोपितों से दिलाये जाने की मांग की है। उक्रांद के सर्वोच्च सलाहकार समिति सदस्य रविन्द्र वशिष्ठ ने कहा कि नाबालिग किशोरी की दुष्कर्म के बाद हत्या करना एक जघन्य अपराध की श्रेणी में आता है। केंद्रीय उपाध्यक्ष चौधरी बृजवीर सिंह ने कहा कि मामले के सभी आरोपितों को शीघ्र गिरफ्तार करके मृत्यु दण्ड दिया जाना चाहिए, चाहे अपराधी किसी भी राजनैतिक पार्टी का सदस्य या सम्बंधित हो।

### फरार चल रहे आरोपित को दबोच लाई पुलिस

**हरिद्वार।** धोखाधड़ी कर तीन लाख रुपये के आम लूट ले जाने के मामले में फरार चल रहे एक आरोपित को पुलिस ने मध्य प्रदेश के उज्जैन से गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक जनपद के थाना भगवानपुर क्षेत्र के ग्राम मक्खनपुर निवासी शाहदत राणा पुत्र महमूद ने 2 अगस्त 2023 को भगवानपुर पुलिस को तहरीर देकर ट्रक सं. एचआर 55 वी 7812 में फर्जी नम्बर प्लेट एमएच 04 जीआर 4878 लगाकर उसके तीन लाख रुपये के आम गन्तव्य स्थान तक न पहुंचाने व धोखाधड़ी कर आमों को लूट लेने के सम्बन्ध में मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में आरोपित की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की गठित टीम की गई।

विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस की ओर से प्रचार की कमान संभालते हुए भाजपा पर प्रहार

# जयराम ने की हमीरपुर की अनदेखी: सुक्खू

**हमीरपुर। एजेंसी**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हमीरपुर विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस की ओर से प्रचार की कमान संभालते हुए भाजपा पर जमकर प्रहार किए। सुक्खू ने बुधवार को हमीरपुर में चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा पर दोबारा हमला बोला और हमीरपुर हल्के की जनता से कांग्रेस प्रत्याशी डॉ पुष्पिंदर वर्मा को वोट डालने का आहवान किया।

सुक्खू ने पूर्व सीएम जयराम ठाकुर पर हमीरपुर की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि प्रेम कुमार धूमल के हारने का हमीरपुर जिला को बड़ा नुकसान हुआ। बीते 5 साल जिला में विकास कार्य नहीं हुए। जयराम ने धूमल को कमजोर करने के लिए हमीरपुर में विकास रोक दिया। हमीरपुर से कोई मंत्री नहीं बनाया।

- प्रेम कुमार धूमल के हारने का हमीरपुर जिला को बड़ा नुकसान हुआ
- बीते 5 साल जिला में विकास कार्य नहीं हुए



धूमल 2017 में घोषित मुख्यमंत्री थे, उन्हें साजिश के तहत हराया गया। किसी ने सोचा नहीं होगा कि हमीरपुर जैसे छोटे जिला को दोबारा मुख्यमंत्री मिलेगा। लेकिन, कांग्रेस ने पहली बार निचले हिमाचल से मुख्यमंत्री बनाया।

सुक्खू ने कहा कि मेरे ही जिला के तीन विधायक सरकार गिराने के षड़यंत्र में शामिल हुए। दूसरे जिलों के विधायक व लोग अपने जिले का मुख्यमंत्री चाहते हैं और हमीरपुर जिला के तीन विधायक मुख्यमंत्री को हटाने में ही लग गए। ये वही लोग हैं जिन्होंने धूमल को हराने की भी साजिश रची। मुख्यमंत्री ने ये बातें हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के बल्ह, बलोह, अग्घार, दरोग, खग्गल व धनेड में कांग्रेस उम्मीदवार डॉ पुष्पिंदर वर्मा के पक्ष में चुनाव प्रचार के दौरान बुधवार को कहीं।

उन्होंने कहा कि जब सरकार गिराने की कोशिश हुई तो शिमला, कांगड़ा, सिरमौर, कुल्लू, ऊना के दो, चंबा इत्यादि जिलों के 34 विधायक चट्टान की तरह मेरे साथ खड़े रहे, लेकिन हमीरपुर जिला के तीन विधायकों ने गद्दारी की। उनमें शामिल आजाद विधायक आशीष शर्मा पैसे के अहंकार में हैं। उन्होंने अहंकार में ही 14 महीने में इस्तीफा दिया और सोचा कि पैसे के दम पर वोट खरीदकर साढ़े तीन साल के लिए दोबारा विधायक बन जाएंगे। मेरा हमीरपुर की जनता से अनुरोध है कि धनबल की राजनीति करने वालों को कड़ा सबक सिखाएं।

उन्होने कहा कि यह चुनाव जनता के वोट की कीमत को बचाने का भी है। क्योंकि, अगर नोट से वोट खरीदने वाले दोबारा जीत गए तो वोट का मूल्य ही खत्म हो जाएगा। आशीष शर्मा व्यापारी हैं और वोटों का व्यापार करने वालों की राजनीति में कोई जगह नहीं होनी चाहिए। ठाकुर सुखविंदर सिंह ने कहा कि पूर्व निर्दलीय विधायक ने जनता की खनिज संपदा को लूटकर संपत्ति बनाई है। वह निर्दलीय विधायक थे, अगर कांग्रेस सरकार काम नहीं कर रही थी तो भाजपा के साथ विपक्ष में बैठ जाते, इस्तीफा देने की जरूरत क्या थी। उन्होने कहा कि अब भी वह विधायक बनने का चुनाव लड़ रहे हैं। अगर पहले काम नहीं हो रहे थे तो अब किससे उम्मीद है कि काम हो जाएंगे।

मुख्यमंत्री तो मैं ही हूं, साढ़े तीन साल हमारी सरकार है, अगर गलती से विधायक बन गए तो काम फिर भी नहीं होंगे, क्योंकि काम तो मैंने ही करने हैं। इसलिए कांग्रेस उम्मीदवार डॉ पुष्पिंदर वर्मा को वोट दें। पुष्पिंदर ईमानदार व्यक्ति हैं और आपकी सेवा कर रहे हैं। इन्हें एक मौका दीजिए, यह जो भी काम बताएंगे, मैं सारे काम करूंगा।

### बीएसएफ की दो महिला कॉन्स्टेबल 26 दिन से लापता

ग्वालियर। बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) की दो महिला कॉन्स्टेबल 26 दिन से ग्वालियर की टेकनपुर छावनी से लापता हैं। आखिरी बार उन्हें 6 जून 2024 को देखा गया था। लापता महिला आरक्षक आकांक्षा निखर जबलपुर जबकि शहाना खातून पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद की रहने वाली हैं। बीएसएफ ने बिलौआ थाने में उनकी गुमशुदगी भी दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार, आकांक्षा और शहाना बीएसएफ के सहायक प्रशिक्षण केंद्र में 2021 से बतौर ट्रेनर पदस्थ हैं। शहाना के परिजन ने मुर्शिदाबाद थाने में भी गुमशुदगी दर्ज करा रखी है। वहीं, आकांक्षा की मां ने मंगलवार को पुलिस की जनसुनवाई में एसपी के सामने गुहार लगाई। जबलपुर में जोगी मोहल्ला की रहने वाली उर्मिला निखर ने बताया कि आकांक्षा ने पिछले साल कहा था कि पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद की रहने वाली शहाना खातून उसके ही बैच में है। दोनों में अच्छी दोस्ती है। मार्च 2024 में शहाना हमारे घर जबलपुर भी आई थी। यहां चार दिन तक रही। इसके बाद दोनों बंगाल घूमने जाने का कहकर निकल गई थीं।

### हिजबुल्ला ने कहा, गाजा में संघर्ष विराम के बाद इजराइल से जंग रोक देंगे

बेरूत। लेबनान-इजराइल सीमा पर जारी संघर्ष को लेकर लेबनानी चरमपंथी समूह हिजबुल्ला के उपनेता ने मंगलवार को कहा कि गाजा में पूर्ण संघर्ष विराम के बाद उनका समूह भी जंग रोक देगा। हिजबुल्ला के उपनेता शेख नईम कासिम ने बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में समूह के राजनीतिक कार्यालय में एक साक्षात्कार में कहा, अगर गाजा में संघर्ष विराम होता है तो हम बिना किसी चर्चा के युद्ध रोक देंगे। कासिम ने कहा कि इजराइल-हमास युद्ध में हिजबुल्ला की भागीदारी उसके सहयोगी हमास के लिए एक 'समर्थक मोर्चे' के रूप में रही है और अगर युद्ध रुक जाता है तो सैन्य समर्थन भी नहीं रहेगा। उन्होंने कहा लेकिन अगर इजराइल बिना किसी औपचारिक युद्ध विराम समझौते के गाजा से अपनी पूरी की पूरी सेना वापस बुला लेता है तो लेबनान-इजराइल पर जारी संघर्ष की जटिलताएं बरकरार रह सकती हैं। कासिम ने कहा, अगर गाजा में संघर्ष विराम होने या फिर नहीं होने, युद्ध और युद्ध नहीं होने को लेकर मिलीजुली चीजें रहती हैं तो हम उस पर अभी कोई जवाब नहीं दे सकते।

## हरियाणा सरकार ने हर वर्ग के लिए किए कार्य : नायब सिंह सैनी

**सिरसा। एजेंसी**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचायत भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए। गुरुद्वारा श्री चिल्ला साहिब की 55 कनाल 7 मरले जमीन गुरुद्वारा कमेटी के नाम करने की घोषणा के बाद सिख समुदाय के अलावा सिरसा निवासियों ने मुख्यमंत्री का आभार जताया। इस कार्यक्रम में कालांवाली विधानसभा से वर्ष 2014 में भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ चुके राजेंद्र देसूजोधा भाजपा में शामिल हो गए। मुख्यमंत्री सैनी ने देसूजोधा को भाजपा का पटका पहनाकर पार्टी में शामिल करवाया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं जब प्रदेशाध्यक्ष बना था, तब मैंने देसूजोधा से संपर्क किया था। देसूजोधा मेरे पुराने मित्र हैं। वह भाजपा में अपने साथियों के साथ शामिल हो गए हैं, उनका मैं धन्यवाद करता हूं। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी



ने तीसरी बाद शपथ लेने के बाद पहला काम किसानों के लिए निधि राशि की है। गरीब लोगों को प्लाट देने का काम प्रदेश की डबल इंजन की सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि योजना के तहत श्रमिकों के खातों में प्रदेश सरकार ने पैसे डाले है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत गरीब लोगों को प्लाट दिए गए है। सैनी ने कहा कि 1.80 लाख से कम आय वालों लोगों के घरों की छतों पर सौलर पैनल लगाए गए हैं। नायब सैनी ने बिजली मुद्दे पर पिछली सरकार को भी कोसा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने लोगों के बिजली के बिलों को कम करने का काम किया है। सरपंचों की मांग को पूरा करते हुए प्रदेश सरकार ने 21 लाख की राशि खर्च करने का निर्णय लिया है।

प्रदेश सरकार ने गुरुद्वारा श्रीचिल्ला साहब की जमीन को गुरुद्वारा के नाम करने का काम किया है। कार्यक्रम में पूर्व राज्यपाल गणेशी लाल, बिजली मंत्री रणजीत सिंह, डॉ. अशोक तंवर, भाजपा जिलाध्यक्ष निताशा राकेश सिहाग, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, देव कुमार शर्मा, रेणु शर्मा,अमन चोपड़ा, बलदेव सिंह मांगेआना, गोबिंद कांडा सहित अनेक भाजपा नेता उपस्थित थे।

## स्मार्ट सिटी के नाम पर किया गया बड़ा घोटाला : सूर्यकांत धस्माना

**देहरादून। एजेंसी**

उत्तराखंड कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने प्रदेस सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि स्मार्ट सिटी के नाम पर कई सौ करोड़ रुपये शहर की पुताई व दुकानों पर घटिया बोर्ड लगाने के नाम पर खपा दिए गए, लेकिन शहर में जल निकासी का कोई इंतजाम नहीं किया गया। इसका नतीजा अभी सामने आने लगा है। स्मार्ट सिटी के नाम पर बड़ा घोटाला किया गया है जिसका पदार्फाश तभी हो सकता है जब इसकी सीबीआई जांच करवाई जाए।

धस्माना ने बुधवार को कैंप कार्यालय में पत्रकार वार्ता में आरोप लगाते हुए कहा कि स्मार्ट सिटी के नाम पर केवल लीपापोती की गई और शहर में ड्रेनेज प्लान को क्रियान्वयन करने का जो असली काम था उसे नहीं किया गया। शहर में बहने वाली दो प्रमुख कैनाल ईस्ट कैनाल व वेस्ट कैनाल भूमिगत कर दी गईं लेकिन जो बरसाती पानी का भार वो वहन करती थीं उसका कोई विकल्प नहीं बनाया गया। इसके कारण शहर के अधिकांश इलाकों में जलभराव का संकट पैदा हो गया है। शहर में ऊपरी राजपुर से लेकर आईएसबीटी, सहारनपुर रोड, प्रिंस चौक, आर्यनगर, डीएल रोड, डालनवाला, हरिद्वार बाई पास रोड, शिमला रोड और शहर का कोई इलाका नहीं बचा जहां जल भराव नहीं हुआ हो।

उन्होंने कहा कि देहरादून को स्मार्ट सिटी बनाने के नाम पर पूरे शहर को खोद डाला गया, कहीं सड़कें खुदीं तो कहीं सीवर लाइन तो कहीं पानी की लाइन और जगह-जगह सड़कों के चौड़ीकरण के नाम पर पेड़ों को काटा गया।

## कानपुर : मानव स्वास्थ को हानि पहुंचाता है ऑक्सीटॉसिन इंजेक्शन : पीके उपाध्याय

**कानपुर। एजेंसी**

ऑक्सीटॉसिन इंजेक्शन दूध को विषैला करने के साथ मवेशियों एवं मानव स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव डालता है। यह जानकारी बुधवार को चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पशुपालन एवं दुग्ध विज्ञान विभाग के प्रोफेसर डॉ.पी.के.उपाध्याय ने दी। उन्होंने बताया कि अधिकतर पशु पालक दुधारू पशुओं को ऑक्सीटोसिन नामक इंजेक्शन लगाकर दूध निकालते हैं जो दुधारू पशुओं एवं मानव स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव डालता है। ऑक्सीटोसिन हार्मोन मस्तिष्क में स्थित पिट्यूटरी ग्रंथि से स्त्रावित होता है। ऑक्सीटोसिन हार्मोन का प्रभाव शरीर में 5 से 7 मिनट तक रहता है।

उन्होंने बताया कि पशु पालकों की यह धारणा गलत है कि इंजेक्शन लगाने से दूध उत्पादन में वृद्धि हो



जाती है। केवल अयन से दूध जल्दी बाहर आ जाता है। उन्होंने बताया कि इंजेक्शन द्वारा अलग से शरीर में ऑक्सीटॉसिन देने से शरीर में हार्मोन अतिरिक्त मात्रा में हो जाता है। जिससे दुधारू पशुओं में दुष्प्रभाव पड़ता है जैसे पशु धीरे-धीरे बांझ हो जाता है एवं गर्भित पशु में भ्रूण गिरना, पशु का बार बार गर्मी में आना लेकिन गर्भधारण न करना, प्रजनन अंगों में दुष्प्रभाव पड़ना, बच्चेदानी का बाहर निकल आना आदि समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं। डॉ उपाध्याय ने बताया कि पशुपालकों की लापरवाही के कारण पशु अनुपयोगी हो जाते हैं।

जिससे उनके बेशकीमती पशु कौड़ियों के भाव में बिकते हैं और उन्हें आर्थिक हानि उठानी पड़ती है। इंजेक्शन द्वारा लगातार दूध निकालते रहने से दूध में ऑक्सीटोसिन हार्मोन की सूक्ष्म मात्रा दूध में आ जाती है जिससे मानव स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव पड़ता है। जैसे पुरुषों एवं महिलाओं में बांझपन की समस्या, लड़कियों का उम्र से पहले वयस्क होना, महिलाओं में गर्भपात का खतरा, बच्चों में दृष्टि दोष की संभावना बढ़ जाती है। डॉ उपाध्याय ने बताया कि हमारे देश में ऑक्सीटॉसिन इंजेक्शन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया जा चुका है।

## भाजपा प्रत्याशी राजेन्द्र भण्डारी के पक्ष मतदान की अपील की

**गोपेश्वर। एजेंसी**

चमोली जिले के पोखरी में बुधवार को बदरीनाथ विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी राजेन्द्र सिंह भण्डारी के समर्थन में महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल, कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत, जिलाध्यक्ष हिमानी वैष्णव ने शिरक्कत की। सम्मेलन में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की गई।

भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल ने कहा कि केन्द्र सरकार और राज्य सरकार ने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लोगों की आजीविका बढ़ाने का कार्य किया है। भाजपा सरकार में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया गया है। उन्होंने बदरीनाथ विधानसभा उपचुनाव में भाजपा



उम्मीदवार के पक्ष में मतदान के लिए लोगों से अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा उम्मीदवार को इस क्षेत्र में विकास की गति को बढ़ाने के लिए उम्मीदवार बनाया गया है। हम सभी को उन्हें अपना आशीर्वाद देना है। कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि भाजपा सरकार ने देश के प्रगति का कार्य किया है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया। राज्य सरकार आंगनबाड़ी के बच्चों को महालक्ष्मी किट देने का भी काम कर रही है।

### फतेहाबाद के दंपति से हजारों की ठगी

फतेहाबाद। पतंजलि योगग्राम में ट्रीटमेंट के लिए बुकिंग के नाम पर शहर के एक दम्पति से हजारों रुपये की ठगी होने का मामला सामने आया है। अज्ञात ठग ने दम्पति से 42600 रुपये हड़प लिए। दम्पति जब ट्रीटमेंट के लिए हरिद्वार पतंजलि में पहुंचा तो उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला। इस पर उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज कार्रवाई। शहर फतेहाबाद पुलिस ने बुधवार को धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में मॉडल टाऊन फतेहाबाद निवासी राजेश मेहता ने कहा है कि कुछ दिन पहले उसके मोबाइल पर फोन आया। फोन करने वाले ने कहा कि वह पतंजलि हरिद्वार का मैनेजर बोल रहा है। आपकी पतंजलि योग्राम में ट्रीटमेंट की क्वेरी है, क्या आप ट्रीटमेंट लेना चाहेंगे। जब उसने हामी भरी तो उक्त व्यक्ति ने उसके व्हाट्सअप पर ट्रीटमेंट के पैकेज भेजे। इसमें महाऋषि कोटे सात दिन के लिए 6 हजार रुपये प्रतिदिन की दर से 42 हजार रुपये व मेरे व मेरी पत्नी के डॉक्टर की फीस 300 रुपये प्रति व्यक्ति के हिसाब से 600 रुपये कुल मिलाकर 42600 रुपये बताए।

**आकर्षण** | गुजरात के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों पर 1.35 करोड़ से अधिक पर्यटक आए

# 2024 में सैलानियों की संख्या 17 प्रतिशत बढ़ी

**गांधीनगर। एजेंसी**

देश-विदेश के सैलानियों में गुजरात के पर्यटन क्षेत्रों के प्रति अनूठा आकर्षण है। इस वर्ष गर्मी की छुट्टियों के दौरान यानी 1 अप्रैल से 10 जून तक राज्य के 12 पर्यटक स्थलों एवं यात्राधामों में 1.35 करोड़ से अधिक पर्यटक आए। वर्ष 2023 के अप्रैल तथा मई महीनों में 1.14 करोड़ पर्यटक इन स्थलों पर पहुंचे थे, इसलिए इस वर्ष पर्यटकों की संख्या में 17 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

गुजरात के पर्यटन क्षेत्र को विश्व स्तर पर ले जाने तथा पर्यटकों के अनुभव को अभूतपूर्व बनाने के लिए विभिन्न ढांचागत सुविधाएं विकसित की गई हैं। इसलिए बड़ी संख्या में पर्यटक राज्य के अनूठे सौंदर्य एवं विविधता का आनंद उठाने के लिए पहुंच रहे हैं। गर्मी की छुट्टियों के दौरान गुजरात के

- गुजरात के पर्यटन क्षेत्र को विश्व स्तर पर ले जाने तथा पर्यटकों के अनुभव को अभूतपूर्व बनाने के लिए विभिन्न ढांचागत सुविधाएं विकसित की गई



स्टैच्यू ऑफ यूनिटी (एसओयू), अटल ब्रिज, रिवरफ्रंट-फ्लॉवर पार्क, कांकरिया तालाब, सोमनाथ मंदिर, पावागढ मंदिर, द्वारका मंदिर, साइंस सिटी-अहमदाबाद, वडनगर, गीर तथा देवळिया सफारी एवं अहमदाबाद मेट्रो रेल जैसे प्रसिद्ध आकर्षक पर्यटन स्थलों का आनंद उठाने के लिए लोग बड़ी संख्या में पहुंचे।

**अहमदाबाद पर्यटकों का हॉट फेवरेट डेस्टिनेशन**

'खुशबू गुजरात की' का लुत्फ उठाने आने वाले पर्यटकों में हेरिटेज सिटी अहमदाबाद सबसे पसंदीदा स्थल बना है। वर्ष 2023-24 में पर्यटकों की संख्या के मामले में अहमदाबाद सबसे पसंदीदा स्थल और जिला रहा है।

**पर्यटन सुविधाएं विकसित करने के लिए बजट में 2077 करोड़ रुपये का आवंटन**

राज्य में पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए तथा सम्बद्ध गतिविधियों को गति देकर, रोजगार के नए अवसर सृजित करने के लिए राज्य सरकार ने अनेक कदम उठाए हैं। गुजरात आने वाले पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए वर्ष 2024-25 में पर्यटन प्रभाग को 2077 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं, जिससे आकर्षक पर्यटन स्थलों, धार्मिक, सांस्कृतिक व एडवेंचर टूरिज्म आकर्षणों और इको टूरिज्म का विकास किया जाएगा।

# आलिया नीलम होंगी लाहौर हाई कोर्ट की पहली महिला चीफ जस्टिस

**इस्लामाबाद। एजेंसी**

पाकिस्तान में लाहौर हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के पद पर पहली बार कोई महिला आसीन होने जा रही है। पाकिस्तान के न्यायिक आयोग (जेसीपी) ने मंगलवार को सर्वसम्मति से जस्टिस आलिया नीलम की पदोन्नति को मंजूरी दी। इसी के साथ आलिया नीलम लाहौर हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के पद पर पहुंचने वाली पहली महिला के रूप में इतिहास रचने के लिए तैयार हैं।

पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश (सीजेपी) काजी फैज ईसा की अध्यक्षता वाली जेसीपी ने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश



शुजात अली खान और न्यायमूर्ति अली बकर नजफी सहित लाहौर हाई कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश के पद के लिए तीन न्यायाधीशों के नामांकन पर विचार करने के बाद उनकी पदोन्नति को मंजूरी दी।

जेसीपी ने सर्वसम्मति से जस्टिस अकील अहमद अब्बासी की सर्वोच्च न्यायालय में पदोन्नति से रिक्त हुई सीट को भरने के लिए न्यायमूर्ति शफी सिद्दीकी को सिंध उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत करने की भी सिफारिश की। 7 जून को न्यायमूर्ति मलिक शहजाद अहमद खान की सर्वोच्च न्यायालय में पदोन्नति के बाद एलएचसी मुख्य न्यायाधीश का कार्यालय खाली हो गया, जिसके बाद न्यायमूर्ति शुजात अली खान को एलएचसी के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया। न्यायमूर्ति आलिया नीलम एलएचसी के न्यायाधीशों की वरिष्ठता सूची में तीसरे स्थान पर हैं।

## युवा भारतीय नई टीम जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए हरारे पहुंची



**हरारे। एजेंसी**

कप्तान शुभमन गिल और कोच वीवीएस लक्ष्मण कोच के नेतृत्व में युवा भारतीय क्रिकेट टीम छह जुलाई से जिम्बाब्वे के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलने के लिए यहां पहुंच गई है। जिम्बाब्वे क्रिकेट (जेडसी) द्वारा एक्स पर पोस्ट किए गए वीडियो में टीम को अपने सामान के साथ एयरपोर्ट से बाहर निकलते देखा गया। पूरी टीम मंगलवार को मुंबई से रवाना हुई थी, जबकि गिल, जो अमेरिका में टी20 विश्व कप टीम के साथ यात्रा करने वाले रिजर्व थे, ब्रेक के बाद न्यूयॉर्क से यहां पहुंचे।

जेडसी ने मंगलवार रात 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, हम टी20 विश्व कप चैंपियन भारत का स्वागत करते हैं। युवा शीर्ष क्रम के बल्लेबाज रियान पराग, जो श्रृंखला में भारत के लिए पदार्पण करेंगे, ने बीसीसीआई द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा कि उनका बचपन से ही इस तरह (राष्ट्रीय टीम के साथ) यात्रा करने का सपना था। उन्होंने कहा, भारत की जर्सी पहनना और टीम के साथ यात्रा करना अलग अनुभव है। असम से आने के कारण मेरा सपना भारत के लिए खेलना था। मैं वाकई बहुत खुश हूं। जब मैं अपना पहला मैच खेलूंगा तो जिम्बाब्वे के लिए मेरा एक खास रिश्ता होगा। यह उस मैदान और मेरे लिए एक खास पल होगा, जो बहुत पवित्र होगा। पराग ने कहा, पासपोर्ट और फोन खोने के बाद हम आखिरकार 20 घंटे की यात्रा के बाद यहां पहुंचे हैं। अब मैं इस दौरे का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।

# पेरिस ओलंपिक : अन्नू रानी, ज्योति याराजी ने रैंकिंग के जरिए एथलेटिक्स कोटा किया हासिल







**नई दिल्ली। एजेंसी**

एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता अन्नू रानी और एशियाई एथलेटिक्स चैंपियन ज्योति याराजी ने अपनी विश्व रैंकिंग के जरिए भारत के लिए पेरिस 2024 ओलंपिक एथलेटिक्स कोटा हासिल कर लिया है। पेरिस 2024 के लिए एथलेटिक्स स्पर्द्धाओं के लिए क्वालीफिकेशन विंडो 30 जून को समाप्त हो गई।

हालांकि, मंगलवार को विश्व एथलेटिक्स द्वारा रोड टू पेरिस 2024 की अंतिम स्टैंडिंग की आधिकारिक पुष्टि की गई। एथलीट या तो अपने संबंधित इवेंट के लिए प्रवेश मानक को पूरा करके या क्वालिफिकेशन विंडो समाप्त होने के बाद रोड टू पेरिस रैंकिंग में कट-ऑफ के भीतर समाप्त करके अपने देश के लिए पेरिस 2024 कोटा प्राप्त कर सकते हैं। भाला फेंक खिलाड़ी अन्नू रानी रोड टू पेरिस रैंकिंग में 21वें स्थान पर रहीं, शीर्ष 32 एथलीट आगामी ग्रीष्मकालीन खेलों के लिए कट बना पाए। इस बीच, ज्योति ने महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ में 34वां स्थान हासिल कर 40 का कट-ऑफ हासिल किया। अन्नू और ज्योति दोनों ही अपनी-अपनी स्पधाओं में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक हैं। दो बार के पुरुष शॉटपुट एशियाई चैंपियन तजिंदरपाल सिंह तूर ने भी अपने इवेंट में 23वें स्थान पर रहने के बाद पेरिस 2024 का कोटा हासिल किया। महिलाओं की शॉटपुट स्पर्द्धा में एशियाई चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता आभा खटुआ भी 23वें स्थान पर रहीं।

दोनों स्पर्धाओं के लिए रोड टू पेरिस रैंकिंग में शीर्ष 32 ने कोटा हासिल किया। महिलाओं की 5000 मीटर स्पर्धा में 34वें स्थान पर रहीं पारुल चौधरी, जिसका कटऑफ 42 था, ने भी पेरिस 2024 का कोटा हासिल किया। उन्होंने पिछले साल हंगरी में 9:15.31 का समय लेकर पेरिस 2024 ओलंपिक महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज योग्यता मानक 9:23.00 को भी हासिल किया था। पुरुषों की ट्रिपल जंप में, दो भारतीय एथलीट - अब्दुल्ला अबूबकर और प्रवीण चित्रवेल - 32-पुरुष कट बनाने में सफल रहे हैं। अबूबकर रोड टू पेरिस रैंकिंग में 21वें स्थान पर हैं, जबकि चित्रवेल 23वें स्थान पर हैं। सर्वेश कुशारे ने भी 32 की कटऑफ सूची में 23वें स्थान पर रहकर पुरुषों की ऊंची कूद में कोटा हासिल किया है। 37वें स्थान पर रहे तेजस्विन शंकर शॉर्टलिस्ट से बाहर हो गए। भारत के पुरुष लंबी कूद के राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक जेसविन एल्ड्रिन 32 की कटऑफ सूची से चूक गए और विश्व रैंकिंग में 33वें स्थान पर रहे। हालांकि, उनके हमवतन मुरली श्रीशंकर, जो पिछले साल लंबी कूद प्रवेश मानक को पूरा करने के बाद सूची में सातवें स्थान पर थे, चोट लगने के कारण पेरिस 2024 ओलंपिक से बाहर हो गए हैं। इससे जेसविन शीर्ष 32 एथलीटों की कटऑफ सूची में आ सकते हैं। सूरज पंवार ने रोड टू पेरिस रैंकिंग के माध्यम से पुरुषों की 20 किमी पैदल चाल स्पर्धा में भी जगह बनाई। अक्षदीप सिंह, परमजीत सिंह बिष्ट, राम बाबू और विकास सिंह ने पहले इस स्पर्धा में प्रवेश मानक को पूरा किया था और भारत इन पांच में से अधिकतम तीन को भेज सकता है।

**पेरिस एथलेटिक्स रैंकिंग के जरिए ओलंपिक कोटा हासिल करने वाले भारतीय :-**

ज्योति याराजी - महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़
अन्नू रानी - महिलाओं की भाला फेंक
तजिंदरपाल सिंह तूर - पुरुषों की शॉट पुट
आभा खटुआ - महिलाओं की शॉट पुट
प्रवीण चित्रवेल - पुरुषों की ट्रिपल जंप
अब्दुल्ला अबूबकर - पुरुषों की ट्रिपल जंप
सर्वेश कुशारे - पुरुषों की ऊंची कूद
पारुल चौधरी - महिलाओं की 5000 मीटर
सूरज पंवार - पुरुषों की 20 किमी पैदल चाल।



## एक नजर

### आईसीसी की ताजा रैंकिंग में नंबर 1 टी20 ऑलराउंडर बने हार्दिक पांड्या



**नई दिल्ली।** टी-20 विश्व कप के फाइनल में भारतीय जीत के सूत्रधार रहे हार्दिक पांड्या बुधवार को जारी हरफनमौला खिलाड़ियों की आईसीसी टी20आई रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए हैं। पांड्या श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा की बराबरी पर पहुंच गए। उन्होंने टी20 विश्व कप 2024 में शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने 151.57 की स्ट्राइक रेट से 144 रन बनाए और आठ मैचों में 11 विकेट लिए। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में हार्दिक ने हेनरिक क्लासेन और डेविड मिलर के महत्वपूर्ण विकेट लिए और आखिरी ओवर में 16 रन बचाकर भारत को अपना दूसरा टी20 विश्व कप खिताब जीतने में मदद की। टी20 ऑलराउंडर रैंकिंग के शीर्ष 10 में अन्य बदलावों में मार्कस स्टोइनिस, सिकंदर रजा, शाकिब अल हसन और लियाम लिविंगस्टोन एक स्थान ऊपर चढ़े, जबकि अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी चार स्थान गिरकर शीर्ष पांच से बाहर हो गए।

### सीए ने त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए भारत, पाकिस्तान की मेजबानी में रुचि दिखाई

**मेलबर्न।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के सीईओ निक हॉकले ने एशियाई चिर प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान की त्रिकोणीय श्रृंखला की मेजबानी में रुचि व्यक्त की, उन्होंने कहा कि बोर्ड श्रृंखला की सुविधा में मदद करने के लिए तैयार है। उल्लेखनीय है कि भारत और पाकिस्तान ने 2012-13 के पाकिस्तान दौरे के बाद से कोई द्विपक्षीय क्रिकेट नहीं खेला है, क्योंकि दोनों देशों के बीच राजनीतिक संबंध तनावपूर्ण हैं और तब से उनके सभी मैच प्रमुख अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के व्हाइट-बॉल इवेंट और एशिया कप टूर्नामेंट में हुए हैं। एक ऑनलाइन प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान हॉकले ने इन पारंपरिक प्रतिद्वंद्वियों के बीच मैचों को लेकर उत्साह और प्रत्याशा व्यक्त की है। सीए के बयान के अनुसार हॉकले ने कहा पाकिस्तान और भारत पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी टीमें हैं, उनके मैचों को लेकर काफी उत्साह है। हालांकि कोई औपचारिक चर्चा शुरू नहीं हुई है, लेकिन हॉकले ने इस बात पर जोर दिया कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ऐसे आयोजनों को सुविधाजनक बनाने के लिए खुला है। उन्होंने कहा जहां तक हम इसमें सुविधा या मदद कर सकते हैं, हम ऐसा करने के लिए बहुत खुले हैं।

## एशियाई आर्मरेसलिंग अंतरराष्ट्रीय कप का आयोजन



**नई दिल्ली। एजेंसी**

- भारत एक लंबे अंतराल के बाद किसी अंतरराष्ट्रीय आर्म रेसलिंग टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा

भारत इस साल के अंत में एशियाई अंतरराष्ट्रीय कप की मेजबानी करने के लिए तैयार है। यह टूर्नामेंट 19-26 अक्टूबर 2024 तक मुंबई में होगा। पीपुल्स आर्मरेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (पीएएफआई) ने बुधवार को उक्त जानकारी दी। पीपुल्स आर्मरेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया, वर्ल्ड आर्मरेसलिंग फेडरेशन (डब्ल्यूएएफ) और एशियन आर्मरेसलिंग फेडरेशन (एएएफ) के साथ मिलकर इस इवेंट का आयोजन करेगा। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में कुल 350-400 विदेशी प्रतिभाएं और भारत से 800 से ज्यादा आर्म रेसलर हिस्सा लेंगे। इसके बाद एशियन इंटरनेशनल कप होगा, जिसमें एशियन और वर्ल्ड चैंपियनशिप जैसी ही श्रेणियां होंगी और इसमें 15 एशियाई देशों के एथलीट हिस्सा लेंगे।

पीपुल्स आर्मरेस्लिंग फेडरेशन इंडिया (पीएएफआई) की अध्यक्ष प्रीति झंगियानी ने भारत द्वारा एशियाई अंतरराष्ट्रीय कप की मेजबानी पर अपने विचार व्यक्त किए। पीएएफआई की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार प्रीति ने कहा पीपुल्स आर्म रेसलिंग फेडरेशन इंडिया (पीएएफआई) के लिए यह बहुत सम्मान और गर्व की बात है कि हमें प्रतिष्ठित एशियाई आर्म रेसलिंग कप की मेजबानी का अधिकार मिला है। भारत एक लंबे अंतराल के बाद किसी अंतरराष्ट्रीय आर्म रेसलिंग टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा।

प्रीति ने कहा 15 से अधिक एशियाई देशों के शीर्ष एथलीट इसमें भाग लेंगे और यह हमारे सभी भारतीय खिलाड़ियों के लिए अपने घरेलू मैदान पर एक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने का एक बड़ा अवसर है! यह आयोजन भारतीय आर्मरेसलिंग को नई ऊंचाइयों पर ले जाने और हमारे एथलीटों को आगे लाने की हमारी 5-वर्षीय योजना का हिस्सा है, जिन्होंने पहले ही अंतरराष्ट्रीय टूनोमेंटों में बहुत अच्छा प्रदर्शन करना शुरू कर दिया है।

# अर्जेंटीना फुटबॉल टीम में शामिल हुए जूलियन



**ब्यूनस आयर्स। एजेंसी**

मैनचेस्टर सिटी के फारवर्ड जूलियन अल्वारेज उन तीन अधिक आयु वर्ग के खिलाड़ियों में से एक हैं जिन्हें मंगलवार को पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए अर्जेंटीना की टीम में शामिल किया गया है। 16 टीमों वाला ओलंपिक फुटबॉल टूर्नामेंट 23 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ियों के लिए खुला है, लेकिन प्रत्येक टीम अपनी टीम में तीन ओवरएज 'वाइल्ड कार्ड' शामिल कर सकती है।

अर्जेंटीना के कोच जेवियर मास्चेरानो ने अपनी 18 सदस्यीय सूची में अजाक्स के गोलकीपर गेरोनिमो रुली और बेनफिका के सेंट्रल डिफेंडर निकोलस ओटामेंडी को भी वाइल्ड कार्ड के रूप में नामित किया है। अंडर-23 में बोटाफोगो के आक्रामक मिडफील्डर थियागो अल्माडा, जो अर्जेंटीना की 2022 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य थे, एटलेटिको मैड्रिड के गिउलिआनो शिमोन और फिओरेंटीना के स्ट्राइकर लुकास बेल्ट्रान शामिल हैं। अर्जेंटीना की टीम 24 जुलाई को मोरक्को के खिलाफ अपने ओलंपिक अभियान की शुरूआत करेगी, इससे पहले टीम ग्रुप चरण में इराक और यूक्रेन से भी भिड़ेगी।

**अर्जेंटीना की टीम इस प्रकार है:**

**गोलकीपर :** लिआंड्रो ब्रे, गेरोनिमो रूली।

**डिफेंडर :** मार्को डि सेसरे, जूलियो सोलर, जोआक्विन गार्सिया, गोंजालो लुजान, निकोलस ओटामेंडी, ब्रूनो अमियोन।

**मिडफील्डर्सः** एजेकिएल फर्नांडीज, सैंटियागो हेजे, क्रिस्टियन मेडिना, केविन जेनॉन।

**फॉरवर्डः** गिउलिआनो शिमोन, लुसियानो गोंडौ, थियागो अल्माडा, क्लाउडियो एचेवेरी, जूलियन अल्वारेज, लुकास बेल्ट्रान।

### तीसरा ओलंपिक पदक जीतने के लिए तैयारी कर रही है सिंधु

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला बैडमिंटन स्टार पी वी सिंधु अब पेरिस ओलंपिक में पदक जीतकर तीन ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनने की उपलब्धि अपने नाम करना चाहती हैं। सिंधु ने इससे पहले रियो और टोक्यो में रजत और कांस्य पदक जीते थे। ऐसे में सिंधु इस बार स्वर्ण जीतना चाहेंगी। सिंधु ने एक कार्यक्रम में कहा यह चुनौतीपूर्ण है पर असंभव नहीं है। सिंधु का मानना है कि उन्हें ओलंपिक में तीसरा पदक जीतने के लिए उन्हें अपने कौशल को और निखारते हुए रणनीति बनानी होगी। उन्होंने कहा तीसरे ओलंपिक में जाने से पहले मुझे और अधिक स्मार्ट होने की जरूरत है। मुझे अनुभव है पर इसके साथ ही स्मार्ट होना भी जरुरी है। मुझे उम्मीद है कि मैं अपने पदक का रंग बदल सकती हूं और निश्चित रूप से देश के लिए एक और पदक जीत सकती हूं।

## यूरो 2024 : तुर्किये ने ऑस्ट्रिया को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई



**बर्लिन। एजेंसी**

मेरिह डेमिरल के दो गोलों की बदौलत तुर्किये ने मंगलवार को लीपजिग के रेड बुल एरेना में यूरो 2024 के अंतिम 16 के मैच में ऑस्ट्रिया को 2-1 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। तुर्किये ने मुकाबले की तेज शुरूआत की और मैच के 57वें सेकंड में ही डेमिरल ने गोल कर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। यह यूरो टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में सबसे तेज गोल था। ऑस्ट्रिया ने इसके बाद कई जवाबी हमले किये, लेकिन क्रिस्टोफ बाउमगार्टनर ने बराबरी हासिल करने के दो मौके गंवा दिए। ऑस्ट्रियाई टीम ने तुर्किये की सुव्यवस्थित रक्षा के खिलाफ अधिक मौके बनाने के लिए संघर्ष किया और हाफ टाइम से पहले स्पष्ट अवसर बनाने में विफल रही। हाफ टाइम तक तुर्किये अपनी 1-0 की बढ़त बनाये रखने में कामयाब रहा।

दोबारा मैच शुरू होने पर ऑस्ट्रिया ने गति पकड़ी और तुर्किये के डिफेंस को व्यस्त रखा। हालांकि मैच के 59वें मिनट में डेमिरल ने मैच का अपना दूसरा गोल करते हुए तुर्किये को 2-0 की बढ़त दिला दी। ऑस्ट्रिया ने जवाब दिया और स्थानापन्न माइकल ग्रेगोरित्श ने मैच के 6वें मिनट में गोल कर स्कोर 2-1 कर दिया और अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ।

# वाणिज्य

# मजबूती के नए शिखर पर शेयर बाजार, सेंसेक्स 80 हजार पार



**नई दिल्ली। एजेंसी**

घरेलू शेयर बाजार ने फिर ओपनिंग के साथ ऑल टाइम हाई का रिकॉर्ड बनाया। सेंसेक्स पहली बार 80 हजार अंक के ऊपर खुला। इसी तरह निफ्टी भी पहली बार 24,300 अंक के स्तर को पार करने में सफल रहा। हालांकि बीच में मामूली बिकवाली होने की वजह से इन दोनों सूचकांकों को झटका भी लगता रहा। बावजूद इसके शेयर बाजार लगातार हरे निशान में बना हुआ है। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.61 प्रतिशत और निफ्टी 0.59 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक महिंद्रा और ब्रिटानिया के शेयर 2.96 प्रतिशत से लेकर 1.43 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

दूसरी ओर टीसीएस, अल्ट्राटेक सीमेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा मोटर्स और मारुति सुजुकी के शेयर 1.06 प्रतिशत से लेकर 0.43 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,243 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,507 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 736 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 21 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 9 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 35 शेयर हरे निशान में और 15 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

## ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत एशियाई बाजारों में भी तेजी



**नई दिल्ली। एजेंसी**

ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान तेजी बनी रही। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज मामूली गिरावट के साथ कारोबार कर रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। वहीं एशियाई बाजारों में आज आमतौर पर तेजी का रुख बना हुआ है।

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल द्वारा महंगाई दरों में गिरावट आने की पुष्टि करने के बाद अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान उत्साह का माहौल देखा गया, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.62 प्रतिशत की मजबूती के साथ 5,509.01 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 149.46 अंक यानी 0.84 प्रतिशत उछल कर 18,028.76 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 0.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ 39,297.51 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है।

अमेरिकी बाजार के विपरीत यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान दबाव बना रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.56 प्रतिशत टूट कर 8,121.20 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.30 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 7,538.29 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया।

### कच्चा तेल 87 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के मूल्य में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य उछलकर 87 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 84 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने बुधवार को पेट्रोल और डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के तीसरे दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.48 डॉलर यानी 0.56 फीसदी की बढ़त के साथ 86.72 डॉलर प्रति बैरल और वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.44 डॉलर यानी 0.53 फीसदी उछलकर 82.25 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये, डीजल 89.97 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

## वैष्णव ने एआई से उत्पन्न खतरों से निपटने के लिए सामूहिक प्रयासों का किया आह्वान

**नई दिल्ली। एजेंसी**

- एआई से उत्पन्न जोखिमों और खतरों का समाधान सामूहिक वैश्विक प्रयासों से मुमकिन

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि दुनिया के सभी देश और समाज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से उत्पन्न नए खतरों तथा जोखिमों को लेकर जागरूक हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी चुनौतियों का प्रभावी समाधान केवल सामूहिक वैश्विक प्रयासों से ही मुमकिन है। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने यहां 'ग्लोबल इंडिया एआई शिखर सम्मेलन' 2024 का उद्घाटन करने के बाद यह बात कही। वैष्णव ने अपने संबोधन में कहा कि एआई मिशन में भारत का दृष्टिकोण प्रौद्योगिकी का लोकतंत्रीकरण करना होगा। बदलाव और सामाज कल्याण के लिए एआई की क्षमता स्पष्ट है। दुनियाभर के देश इस नई प्रौद्योगिकी से होने वाले खतरों तथा जोखिमों को भी पहचानते हैं। इस अवसर पर केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद भी मौजूद रहे।

वैष्णव ने आगे कहा कि भारत का मानना है कि एआई उसकी कई आर्थिक और सामाजिक चुनौतियों का समाधान करने के लिए एक शक्तिशाली उपकरण हो सकता है। हालांकि, एआई से जुड़े जोखिमों को कम करने की भी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पिछला साल एआई की यात्रा में महत्वपूर्ण रहा है, जिसमें इसकी क्षमता विभिन्न क्षेत्रों में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। इस बात को लेकर बहुत उत्साह है कि कैसे एआई हमारे जीने, व्यवसाय करने और हमारे समाज की संरचना को महत्वपूर्ण रूप से बदल सकता है।

# उपमुख्यमंत्री ने जानी राज्य सड़क सुरक्षा नीति एवं कार्ययोजना की प्रगति

## राजस्थान सडक सुरक्षा के लिये 10 वर्ष का एक्शन प्लान तैयार करने वाला देश का पहला राज्य : उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचन्द

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री व परिवहन एवं सड़क सुरक्षा मंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने बताया कि राजस्थान देश का पहला राज्य है जहा योजनाबद्ध तरी×के से सड़क सुरक्षा के लिये आगामी 10 वर्षों के लिये एक्शन प्लान तैयार किया जा रहा है। जिसके तहत आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रावधानों के प्रति जागरूक कर एवं सड़क सुरक्षा नियमों की पालना में व्यवहारिक परिवर्तन लाने की दिशा में काम किया जावेगा। इसका लक्ष्य प्रदेश में 2030 तक सड़क हादसों में लगभग पचास प्रतिशत की कमी लाना रखा गया है।

उपमुख्यमंत्री बुधवार को परिवहन मुख्यालय पर राज्य सड़क सुरक्षा नीति एवं कार्य योजना को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।



उपमुख्यमंत्री ने अपर परिवहन आयुक्त श्रीमती निधि सिंह द्वारा आगामी दस वर्षों के लिए तैयार राज्य सड़क सुरक्षा रणनीति एवं कार्य योजना पर प्रेजेंटेशन का अवलोकन किया। उपमुख्यमंत्री ने पीडब्ल्यूडी, परिवहन, पुलिस, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, वन विभाग सहित सभी हितधारक विभागों को एक साथ सामंजस्य रख सड़क सुरक्षा के लिए काम करने के निर्देश दिये।

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ल्ड बैंक की सहायता से विभिन्न देशों में सड़क सुरक्षा को लेकर अपनायी जा रही सर्वश्रेष्ठ गतिविधियों को समायोजित कर सड़क हादसों में कमी लाने के लिए राज्य सड़क सुरक्षा नीति एवं कार्ययोजना को तैयार किया जा रहा है। इस कार्ययोजना का क्रियांन्वयन तीन चरणों में किया जाएगा जिसने प्रथम चरण 2025 से 2027, द्वितीय चरण 2027 से 2030, तृतीय चरण 2030 से 2033 के मध्य संचालित किया जाएगा। जिसके बाद इस कार्ययोजना की समीक्षा की जावेगी।

उल्लेखनीय है कि परिवहन विभाग की सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ द्वारा तैयार की जा रही यह कार्ययोजना सरकार के 100 दिवसीय कार्ययोजना का हिस्सा है। जिसके क्रियान्वयन को लेकर सभी तैयारिया पूरी कर ली गई है। इस अवसर पर परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग की अतिरिक्त मुख्यसचिव श्रीमती श्रेया गुहा, परिवहन आयुक्त डॉ मनीषा अरोड़ा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

## केंद्र व अरुणाचल मिलकर बनाएंगे भव्य

# परशुराम कुंड क्षेत्र देश के बड़े तीर्थ स्थलों की श्रृंखला में जुड़ेगा

### केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह ने की विप्र फाउंडेशन स्वस्ति कामना समारोह में ये घोषणा

- **शेखावत, अरुणाचल के उप मुख्यमंत्री सहित नव निर्वाचित प्रमुख लोकसेवकों का हुआ अभिनंदन**
- **समारोह में राजस्थान व हरियाणा से भी बड़ी संख्या में पहुंचे विप्रजन**



चमकता राजस्थान

नई दिल्ली/जयपुर। अरुणाचल स्थित परशुराम कुंड देश के एक प्रमुख दर्शनीय तीर्थ स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। ये विकास केंद्र व अरुणाचल सरकार मिलकर करेगी। केंद्रीय संस्कृति एवम् पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मंगलवार रात नई दिल्ली में विप्र फाउंडेशन की ओर से आयोजित स्वस्ति कामना समारोह में की। शेखावत ने कहा कि उनका सपना हैं कि परशुराम कुंड क्षेत्र का विकास अयोध्या तथा अन्य देव स्थलों की तर्ज पर हो। मुझे लगता हैं कि भगवान ने इसी मनोकामना की पूर्ति के लिए उन्हें संस्कृति एवम् पर्यटन मंत्रालय का दायित्व दिलवाया हैं। उनकी कोशिश रहेगी इस क्षेत्र का हर संभव विकास हो ताकि धार्मिक पर्यटन के रूप में परशुराम कुंड भी देश में एक प्रमुख स्थल बनकर उभरे। केंद्रीय मंत्री ने अरुणाचल के उप मुख्यमंत्री चाऊना मीन के योगदान की भी सराहना की।

समारोह में शेखावत के साथ अरुणाचल के उप मुख्यमंत्री चाऊना मीन तथा नव निर्वाचित लोकसेवकों का भी अभिनंदन किया गया। चाऊना मीन ने बाल्यकाल से ही परशुराम कुंड से अपने जुड़ाव को बताते हुए कहा कि वे न केवल परशुराम कुंड को प्रमुख तीर्थाटन क्षेत्र बनाने के प्रति वचनबद्ध हैं, बल्कि भारतीय संस्कृति को बचाए रखने के सभी प्रकल्पों में योगदान के लिए संकल्पबद्ध हैं।

विप्र फाउंडेशन के संस्थापक सुशील ओझा ने केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह व अरुणाचल के उप मुख्यमंत्री का विशेष अभिनंदन और आभार व्यक्त करते हुए कहा कि परशुराम कुंड पर विप्र फाउंडेशन जो 54 फीट ऊंची भगवान परशुराम की मूर्ति स्थापित कर रहा हैं उसमें इन्हीं दोनों की अहम भूमिका रही हैं। ओझा ने जानकारी दी कि मूर्ति स्थल का भूमिपूजन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कर कमलों से हो चुका हैं। पंच धातु से निर्मित मूर्ति तीर्थ स्थल पर पहुंच चुकी हैं । वर्षा ऋतु समाप्त होते ही एक गरिमामय आयोजन कर मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से समय का भी केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया। समारोह की अध्यक्षता विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय संरक्षक रतन शर्मा गुवाहाटी ने की। समारोह में सम्मानित होने वाले अन्य लोक सेवकों में केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, भाजपा के राजस्थान अध्यक्ष सीपी जोशी, सांसद मंजू शर्मा, पीपी चौधरी, लुंबाराम, उड़ीसा से सांसद प्रदीप कुमार पुरोहित ,सुकांत पाणिग्रही व नवचरण माझी शामिल हैं।

इस अवसर पर पूर्व सांसद रामचरण बोहरा, लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष घनश्याम ओझा, विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय संरक्षक धर्म नारायण जोशी, बाबूलाल पारीक, विप्र वाहिनी पूर्व प्रमुख चंद्रकांता राजपुरोहित, राष्ट्रीय समन्वयक श्रीकिशन जोशी, राष्ट्रीय महामंत्री के.के.शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राधेश्याम सिखवाल, ओम प्रकाश मिश्रा, भुवनेश्वर शर्मा चच्चू भैया, राष्ट्रीय सचिव परमेश्वर शर्मा, नरेंद्र हर्ष, नवीन शर्मा, प्रमोद पालीवाल, भंवर पुरोहित, मुकेश रामपुरा, जयपुर जोन प्रभारी पंकज जोशी, जोन 1 जयपुर के अध्यक्ष राजेश कर्नल, जोन 1 ए उदयपुर के अध्यक्ष नरेंद्र पालीवाल, जोन 1 बी बीकानेर के अध्यक्ष धनसुख सारस्वत, जोन 1 सी जोधपुर के अध्यक्ष अशोक टाइगर, जोन 1 डी भरतपुर के वेद प्रकाश उपाध्याय, जोन 1 ई कोटा के कृष्ण मुरारी चतुर्वेदी, पश्चिम बंगाल के किशन गोस्वामी, दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष कमल शर्मा, हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप वशिष्ठ, उड़ीसा के प्रदेश अध्यक्ष महेश शर्मा, राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष मनीष पारीक, विक्की के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष महेश शर्मा, इस्पेक के राष्ट्रीय प्रभारी प्यारेलाल शर्मा आदि प्रमुख रूप से शामिल हैं।

विप्र फाउंडेशन के इस समारोह में देशभर खासकर हरियाणा, राजस्थान से बड़ी संख्या में पदाधिकारी और विप्रजन पहुंचे। समारोह में संत, न्यायाधीश, , आईएएस, आईपीएस एडिशनल सॉलिसिटर जनरल जैसे वरिष्ठ सेवारत अधिकारी भी मौजूद थे।

यह आयोजन विप्र फाउंडेशन जोधपुर जोन की ओर से रखा गया था।

# सार्वजनिक निर्माण विभाग के प्रमुख शासन सचिव प्रवीण गुप्ता ने कार्यभार सँभालते ही ली मैराथन बैठकें



चमकता राजस्थान

**जयपुर।** सार्वजनिक निर्माण विभाग के नये प्रमुख शासन सचिव प्रवीण गुप्ता ने कार्यभार गृहण करते ही सार्वजनिक निर्माण विभाग मुख्यालय में विभाग के आला अधिकारियों के साथ बैठक कर विभाग में चल रहे कार्यों की समीक्षा की इसके साथ ही विभाग में चल रहे प्रोजेक्टों के बारे में जानकारी ली। मिली जानकारी के अनुसार उन्होंने बैठक में साफ कहा कि जो भी कार्य किये जा रहे हैं उनमें पारदर्शिता बनाकर रखी जाये,तय समय पर काम पूरा किया जाये और ठेकेदारों की ओर से किये जा रहे कार्यों की गुणवत्ता भी जांची जाये,साथ ही कार्यों के आधार पर ही भुगतान संभव हो सकेगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कार्यों के प्रति सभी सचेत होकर कार्य करें।

### अधीक्षण अभियंता वृत्त शहर जयपुर में पीडब्लूडी चौकियों पर पुराने सामानों की आवक नहीं हो रही है सही तरीक़े से दर्ज

जानकारी के अनुसार अधीक्षण अभियंता वृत्त शहर जयपुर के अधीन आने वाली पीडब्लूडी चौकियों जैसे गांधीनगर चोकी नम्बर एक,दो,तीन,चार,सार्वजनिक निर्माण विभाग मुख्यालय ,राज भवन ,बनीपार्क कोर्ट,सिविल लाइन,सचिवालय, पर ठेकेदारों द्वारा जमा होने वाले पुराने सामानों पर कनिष्ठ अभियन्ता ,सहायक अभियंता एवं स्टोर मुंशी की लापरवाही के कारण ध्यान नहीं दिया जा रहा हैं। जबकि 28 मार्च 2024 (पत्र क्रमांक1261) को मुख्य अभियंता (भवन )द्वारा निकाले गए आदेश के अनुसार ठेकेदारों को पुराना सामान जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं लेकिन कर्मचारियों की लापरवाही के कारण सामान जमा नहीं किया जा रहा है और जो जमा है वह चौकियों पर पड़ा पड़ा ख़राब हो रहा है साथ ही सामानों की सही तरीक़े से रजिस्टर में आवक भी दर्ज नहीं की जा रही है !

### सार्वजनिक निर्माण विभाग में अभियंताओं की DPC 8 जुलाई को

मिली जानकारी के अनुसार सार्वजनिक निर्माण विभाग में अभियंताओं की DPC 8 जुलाई को होगी

# राजस्थान उर्दू शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अमीन कायमखानी राजकीय सेवा से सेवा निवृत

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय शहीद इंद्रा ज्योति नगर ,भट्टा बस्ती में कार्यरत उर्दू शिक्षक अमीन कायमखानी 30 जून को सेवानिवृत्ति होने पर स्कूल के शिक्षकों के साथ विद्यार्थियों के अभिभावकों ने विदाई समारोह का आयोजन किया

विदाई कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं ने भी हिस्सा लिया इस अवसर पर कायमखानी द्वारा विद्यालय की विद्यार्थियों व शिक्षकों के लिए वॉटर डिस्पेंसर विद्यालय को भेंट किया। कायमखानी ने मदरसा तथा उर्दू शिक्षा के हित में सदैव अपना योगदान देने की



घोषणा की संस्था के संस्था प्रधान राम अवतार मीणा,शिक्षक सीताराम जाट,दीनदयाल मीना,शोभा,सीमा शर्मा,सीमा कुमारी सैन तथा अरशद हुसैन के अलावा मदरसा शिक्षा सहयोगी संघ के सैय्यद मसूद अख्तर,जामिया तय्यबा मदरसा के संचालक कारी इशहाक आदि उपस्थित रहे।

# दहेज विरोधी क्षत्रिय संघ का तीन दिवसीय समारोह जयपुर में सफलता पुर्वक सम्पन्न

चमकता राजस्थान

जयपुर। दहेज विरोधी क्षत्रिय संघ व राजपूत सर्वोत्तम सहयोग संस्थान द्वारा आयोजित वैशाली नगर स्थित शिवकुंज मैरिज गार्डन होटल महल रजवाड़ा रिजॉर्ट मे 28,29, 30जून 2024 को तीन दिवसीय राजपूत समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों के बायोडाटा मिलान व परिचय सम्मेलन तथा सगाई समारोह का आयोजन दहेज विरोधी क्षत्रिय संघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष गणपत सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

संस्थापक महेंद्र सिंह जाखली ने बताया कि प्रथम दिन कक्षा 10वीं व 12वीं 75 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त 650 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट व गोल्ड देकर सम्मानित किया तथा विद्यार्थियों के लिए बैंक ,सेना ,पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में काउंसलिंग का भी आयोजन रखा गया। दूसरे दिन राजपूत साहित्य अकादमी का प्रथम कवि सम्मेलन रखा गया जिसमें 31 कवियों व लेखकों नारायण सिंह राठौड़ पीथल, ब्रजराज राजावत,मान सिंह मउ,कल्याण सिंह शेखावत, भवानी सिंह राठौड़ को महाकवि पृथ्वीराज राठौड़ साहित्य पुरस्कार तथा कामना राजावत,मानकुंवर, सीमा राठौड़ शैलजा, जयश्री कंवर को मीरा पुरस्कार सिविल लाइन विधायक गोपाल शर्मा व राष्ट्रीय अध्यक्ष गणपत सिंह राठौड़ व साहित्य अकादमी अध्यक्ष कवि अजय सिंह राठौड़ द्वारा सम्मानित किया गया। राजपूत सर्वोत्तम सहयोग संस्थान की स्मारिका 2024 का विमोचन किया गया ।



इस अवसर पर विवाह योग्य 510 युवक युवतियों के बायोडाटा प्राप्त हुए व परिचय सम्मेलन हुआ तथा कई सगाईयों की सहमति भी बनी।

इस अवसर पर राजपूत तलाक नियंत्रण समिति का भी गठन किया गया जिसके अध्यक्ष कर्नल नाथू सिंह को बनाया गया।

राजपूत सर्वोत्तम सहयोग संस्थान के सदस्य जो हर सप्ताह राजपूत पीड़ित परिवार को साप्ताहिक आर्थिक सहयोग भेजने वाले 250 दानदाताओ का महाराणा प्रताप पुरस्कार से सम्मानित किया गया,इनके अलावा समाज की प्रतिभाओ वर्ल्ड रिकार्ड प्राप्त कमांडो हिम्मत सिंह राठौड़, झोटवाड़ा पीएनबी बैंक डकैती से बचाने वाले नरेंद्र सिंह शेखावत, 51000 पेड़ लगाने वाले अजीत सिंह शेखावत सहित कई खिलाड़ियों , साहित्यकारों व इतिहासकारों,पत्रकारो का,समाज की प्रतिभाओं को, दहेज न लेने वाले दहेज न देने वाले परिवारों को,दहेज विरोधी संघ के क्रांतिकारी कार्यकर्ताओं को, समाज सेवियों, मीडियाकर्मियों को भी दुपट्टा पहनाकर तथा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। समारोह को राष्ट्रीय अध्यक्ष गणपत सिंह राठौड़, संस्थापक महेंद्र सिंह जाखली, सिविल लाइन विधायक गोपाल शर्मा, राजपूत सभा जयपुर के अध्यक्ष राम सिंह चंदलाई, भवानी निकेतन शिक्षा समिति उपाध्यक्ष नागेंद्र सिंह राठौड़, भारतीय क्षत्रिय महासंघ अध्यक्ष चैन सिंह राठौड़, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा प्रदेश अध्यक्ष भवानी सिंह राठौड़, विक्रम सिंह चौहान आईएएस, राजेंद्र सिंह शेखावत आर ए एस, मौसम विभाग दिल्ली के पूर्व निदेशक लक्ष्मण सिंह राठौड़, पूर्व जज महेंद्र सिंह राघव,मेजर जनरल आशु सिंह राठौड़, ब्रिगेडियर वी डी निर्माण, बाघ सिंह राठौड़ एडिशनल एसपी, सुरेंद्र सिंह शेखावत रिटा एडिशनल एसपी, राजेंद्र सिंह झाड़ली रिटायर्ड आर ए एस, कर्नल प्रताप सिंह, कर्नल नाथू सिंह, कर्नल कुलदीप सिंह, कर्नल ईश्वर सिंह , चीफ अकाउंट अफसर योगेंद्र सिंह राठौड़ आदि अतिथियों ने समारोह को संबोधित करते हुए दहेज जैसी कुप्रथा को समाप्त करने, दिखावा व फिजूलखर्ची न करके शिक्षा, स्वरोजगार व संस्कार पर जोर देने तथा दहेज विरोधी क्षत्रिय संघ द्वारा इस तरह के लगातार राजस्थान व राजस्थान के बाहर निशुल्क एक छत के नीचे पूरी सुव्यवस्थित कैंप व चिंतन शिवरो के माध्यम से समाज को सुदृढ़ ,सशक्त व जागृत करने सहित किए जा रहे निशुल्क सफल दहेज विरोधी मुहिम व सगाई समारोह की सराहना की। समारोह में राजस्थान व राजस्थान के बाहर से आये दहेज विरोधी संघ के पदाधिकारीगण मनजीत सिंह अमरपुरा, गजेंद्र सिंह मेघसर, रूपेश प्रताप सिंह , देवेंद्र सिंह चौहान सुमन कवर ,रंभा कंवर, मनोहर कंवर विक्रम सिंह, नरेंद्र सिंह, रघुवीर सिंह व आनंद सिंह , प्रदीप सिंह राजावत, सुरेन्द्र सिंह ढंढार,सजन कंवर, देवेंद्र सिंह चौहान, राजेंद्र सिंह सहित क्रांतिकारी कार्यकर्ताओं , राजपूत सभा जयपुर महानगर, वीरदुर्गादास राठौड़ स्मृति समिति जयपुर सहित कई सामाजिक संगठनों के पदाधिकारीगण, समाज बंधु, समाजसेवी, मातृशक्ति व युवक गण भारी संख्या में उपस्थित हुए। समारोह में निशुल्क भोजन, पानी, चाय ,नाश्ता व बाहर से आने वालों को होटल में ठहरने की निशुल्क व्यवस्था थी। मंच का संचालन महेंद्र सिंह राठौड़ ने किया तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष गणपत सिंह राठौड़ ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929